

प्रेरणास्रोत: स्व. डॉ. एलसी वालिया

@haryanavatika www.haryanavatika.in @haryanavatika @haryanavatika

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# हरियाणा वाटिका

लोहारू से प्रकाशित सोच बिल्कुल निष्पक्ष

RNI No-HARHIN/2019/79021 वर्ष : 06, अंक: 119 पृष्ठ: 08, मूल्य: रू. 1.00 गुरूवार, 27 फरवरी 2025 haryanavatika@gmail.com +91-9255149495

# राज्य सरकार ने 100 दिनों में ही संकल्प पत्र के 18 वायदों को किया पूरा: मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

## अन्य वायदों को पूरा करने में भी नहीं छोड़ी जाएगी कोई कोर-कसर: मुख्यमंत्री

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**

**बवानी खेड़ा।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि 8 अक्टूबर को सरकार बनने के बाद संकल्प पत्र के वायदे को पूरा करते हुए सबसे पहले प्रदेश में किडनी रोगियों के लिए मुफ्त डायलिसिस की सेवा शुरू करने का निर्णय लिया गया। आज सरकारी अस्पताल और पीजीआई, रोहतक में किडनी रोगियों को मुफ्त डायलिसिस का लाभ मिल रहा है। इसी कड़ी में राज्य सरकार ने अपने संकल्प पत्र के 18 वायदों को पहले 100 दिनों में ही पूरा करने का काम किया है और आगे भी सरकार अपने वायदों को पूरा करने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेगी। मुख्यमंत्री बुधवार को जिला भिवानी के बवानी खेड़ा में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

नायब सिंह सैनी ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार ने मेरिट पर युवाओं को सरकारी नौकरी देने का काम किया है, जिससे युवाओं का मनोबल बढ़ा है कि उनकी मेहनत खाली नहीं जाएगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता, जो युवाओं को रोजगार देने की बात करती है, वो ही युवाओं के रोजगार में बाधा पैदा करने का काम करते हैं। विधानसभा चुनावों के समय कांग्रेस के नेता चुनाव आयोग के पास चले गए और भर्ती प्रक्रिया को रुकवाने का काम किया। लेकिन मैंने अपना वादा पूरा करते हुए मुख्यमंत्री की शपथ लेने से पहले 25 हजार से ज्यादा युवाओं को ज्वाइनिंग देने का काम किया।

नायब सिंह सैनी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस के नेता केवल एसी कमरों में बैठक ट्वीट करने का काम करते हुए, उन्हें धरातल पर हो रहे कार्यों की जानकारी ही नहीं है। कांग्रेस हमेशा झूठ की राजनीति करती है और जनता ने कांग्रेस की दुकानदारी पर ताला जड़ने का काम किया है। अब भविष्य में भी कांग्रेस सरकार बनने की कोई उम्मीद नहीं है।



**तीसरे इंजन की सरकार बनने के बाद तेज गति से होंगे विकास कार्य**

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में पंचायती जमीन पर मकान बनाकर रह रहे लोग, जो लंबे से लिटिगेशन में फंसे हुए थे, उन्हें राहत देते हुए सरकार ने उन्हें मालिकाना हक दिलाने का काम किया है। इसके अलावा, 15 लाख से ज्यादा महिलाओं को 500 रुपए में गैस सिलेंडर दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश तीव्र गति से विकास की ओर अग्रसर है और तीसरे इंजन की सरकार बनने के बाद और तेज गति से विकास के कार्य होंगे।उन्होंने कहा कि 7 मार्च, 2025 से हरियाणा का बजट सत्र चलेगा।

इस बार के बजट के लिए सभी हितधारकों से सुझाव लिए गए हैं और विकास के लिए एक समावेशी व संतुलित बजट बनाने के लिए इन सुझावों को बजट में शामिल भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि संकल्प पत्र में लाडो लक्ष्मी योजना के तहत महिलाओं को दी जाने वाली वित्तीय सहायता के लिए भी अलग से बजट का प्रावधान किया जाएगा।

## 10वीं की दो बोर्ड परीक्षा प्रणाली से नहीं हटेगी पंजाबी भाषा: सीबीएसई

**हरियाणा वाटिका/एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने बुधवार को 10वीं कक्षा की दो बोर्ड परीक्षाओं के संचालन के लिए मसौदा नीति के संबंध में स्पष्ट किया है कि पंजाबी भाषा को इस प्रणाली से हटाया नहीं गया है। सीबीएसई के परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने स्पष्ट किया कि मसौदा में शामिल अन्य विषयों और भाषाओं की सूची केवल सांकेतिक है और वर्तमान में पेश किए गए सभी विषय और भाषाएं 2025-2026 के लिए भी पेश की जाती रहेंगी। भारद्वाज ने कहा कि क्षेत्रीय और विदेशी भाषा समूह शीर्षक के तहत मसौदा नीति के बिंदु 8 में भाषाओं की सूची के तहत उल्लेखित भाषाओं के अलावा, पंजाबी (004), रूसी (021), नेपाली (024), लिंबू (025), लेप्चा (026), सिंधी (008), मलयालम (012), ओडिया (013), असमिया (014), कन्नड़ (015), कोकबोरोक (091), तेलुगु (007), अरबी (016) और फारसी (023) की पेशकश जारी रहेगी। उल्लेखनीय है कि सीबीएसई ने 25 फरवरी को अपनी वेबसाइट पर 10वीं कक्षा की दो बोर्ड परीक्षाओं के संचालन के लिए मसौदा नीति जारी की थी। बोर्ड ने 9 मार्च तक इस पर स्कूलों, शिक्षकों, अभिभावकों और छात्रों की प्रतिक्रिया मांगी है।

## केंद्र बुनियादी ढांचे के विकास में महाराष्ट्र की पहल को पूरा समर्थन देगा: पीयूष गोयल

**हरियाणा वाटिका/एजेंसी**

**नई दिल्ली/मुंबई।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने महाराष्ट्र सरकार को आश्वासन दिया है कि केंद्र सरकार शहरी पुनर्विकास एवं बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने में उसकी पहल को हरसंभव सहायता प्रदान करेगी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने बुधवार को एक बयान में कहा कि पीयूष गोयल ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के साथ मंगलवार को उत्तरी मुंबई में 15 स्व-पुनर्विकसित आवासीय सोसायटियों की चाबियां वितरित करने के अवसर पर यह बात कही। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए महाराष्ट्र सरकार को आश्वासन दिया कि केंद्र सरकार शहरी पुनर्विकास और बुनियादी ढांचे के विकास में महाराष्ट्र सरकार को पूरा सहयोग देगी।

पीयूष गोयल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संदेश देते हुए कहा कि सरकार बेघर लोगों और वर्तमान में उसी इलाके में कच्चे घरों में रहने वाले लोगों को पक्के घर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। इस पहल का उद्देश्य परिवारों का भविष्य सुरक्षित करना, बच्चों और भावी पीढ़ियों के लिए एक स्थायी आवास उपलब्ध कराना है। गोयल ने कहा कि इस क्षेत्र में हाल के दिनों में बुनियादी ढांचे में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। उन्होंने कहा कि मगाथाने मेट्रो स्टेशन के पास 1000 बिस्तरों वाले अस्पताल का निर्माण तेजी से चल रहा है, जबकि पश्चिम कांदिवली में एक और 1000 बिस्तरों वाले अस्पताल के निर्माण की योजना है जिससे इस क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवा की पहुंच और सेवाओं में वृद्धि होगी। गोयल ने कॉस्टल रोड़ (वर्ली-बांद्रा) का वसोर्वा तक विस्तार और अटल सेतु के माध्यम से नए हवाई अड्डे को जोड़ने वाली प्रस्तावित तटीय सड़क सहित प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की सराहना की। गोयल ने कहा कि ये परियोजनाएं मुंबई में भीड़-भाड़ को कम करने और कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। जल निकायों को प्रदूषित करने वाले अशोधित सीवेज जल की समस्या का प्रभावी ढंग से प्रबंधन किया जा रहा है। समुद्र में छोड़े जाने से पहले सीवेज के उचित शोधन को सुनिश्चित करने के लिए 26,000 करोड़ रुपये से अधिक आवंटित किए गए हैं। वाणिज्य मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि यह आयोजन शहरी विकास में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है तथा यह सभी के लिए सुलभ और स्थायी आवास बनाने के सरकार के दृष्टिकोण को दशार्ता है। इस कार्यक्रम में उन्होंने मुख्यमंत्री फडणवीस के साथ मिलकर उत्तर मुंबई में 15 स्व-पुनर्विकसित हाउसिंग सोसायटी की चाबियां बांटी। पीयूष गोयल मुंबई (उत्तर) से लोकसभा सदस्य हैं।

## पेट्रोल में इथेनॉल मिश्रण को 20 फीसदी से अधिक करने पर विचार कर रहा है भारत: पुरी

**हरियाणा वाटिका/एजेंसी**

**गुवाहाटी/नई दिल्ली।** केंद्रीय पेट्रोलिय एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने बुधवार को कहा कि भारत पेट्रोल में इथेनॉल मिलाने के अपने लक्ष्य को बढ़ाकर 20 फीसदी से अधिक करने पर विचार कर रहा है। इसके लिए नीति आयोग के तहत एक समिति गठित की गई है। हरदीप सिंह पुरी ने गुवाहाटी में एडवांटेज असम 2.0 निवेश और इंफ्रास्ट्रक्चर शिखर सम्मेलन 2025 को संबोधित करते हुए कहा कि 19.6 फीसदी मिश्रण का लक्ष्य पहले ही हासिल किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि 20 फीसदी से अधिक जैव ईंधन मिश्रण पर विचार किया जा रहा है। केंद्रीय पेट्रालियम मंत्री ने कहा कि हमने 2026 तक 20 फीसदी सम्मिश्रण का लक्ष्य रखा था, लेकिन हम पहले ही 19.6 फीसदी हासिल कर चुके हैं। उन्होंने उम्मीद जताई है कि अगले महीने 20 फीसदी का लक्ष्य हासिल कर लिया जाएगा। हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि देश में 1,700 करोड़ लीटर मिश्रण क्षमता है, जबकि पहले से ही 1,500 करोड़ लीटर का उपयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत विभिन्न प्रकार के ईंधन आयात पर 150 अरब यूएस डॉलर खर्च कर रहा है और एक क्षेत्र जहां ध्यान नहीं दिया जा रहा है, वह है हरित हाइड्रोजन। पुरी ने कहा कि हर देश स्वच्छ ऊर्जा की ओर बढ़ रहा है लेकिन ऐसा अर्थव्यवस्था की चुनौतियों और मांगों से निपटते हुए ही करना होगा।



## बाबा चन्द्राईनाथ आश्रम में नि:शुल्क नेत्र जांच कैंप का आयोजन आज

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**

**सतनाली, 26 फरवरी।** गांव पथरवा स्थित बाबा चन्द्राईनाथ आश्रम में 27 फरवरी को निःशुल्क नेत्र जांच कैंप का आयोजन किया जाएगा। जानकारी देते हुए आयोजन कमेटी के सदस्यों ने बताया कि कैंप में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मरीजों की आंखों की जांच की जाएगी तथा निःशुल्क जांच के बाद दवाई वितरित की जाएगी। उन्होंने बताया कि कैंप का आयोजन जिला पार्षद योगी वचनाई नाथ के सहयोग से किया जा रहा हैं। कैंप में मरीज सुबह दस बजे से 2 बजे तक नेत्र जांच करवा सकते है तथा परामर्श भी प्राप्त कर सकते है। उन्होंने आह्वान किया कि मरीज ज्यादा से ज्यादा संख्या में निशुल्क नेत्र जांच कैंप का लाभ उठाएं।

## टाटा टी प्रीमियम ने पेश किया टाटा टी प्रीमियम केयर




**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**

**रोहतक, 26 फरवरी।** गुणवत्ता और स्वास्थ्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करते हुए, देश की चाय टाटा टी प्रीमियम लेकर आया है टाटा टी प्रीमियम केयर। इसमें मिलता है तुलसी, अदरक, ब्राह्मी, इलायची और मुलेठी जैसे प्राकृतिक तत्वों की खूबियों से भरपूर एक विशेष मिश्रण। उपभोक्ता-केंद्रित नवाचारों के जरिए, टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड रोजाना की चाय को भी एक उद्देश्यपूर्ण अनुभव में बदल रहा है, जो आधुनिक उपभोक्ताओं की पसंद के अनुरूप है।टाटा टी प्रीमियम केयर स्वाद और सेहत का एकदम सही मिश्रण है, जो देश के लोगों के मजबूत चाय प्रेम को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। यह खासतौर पर उन उपभोक्ताओं के लिए बनाया गया है जो एक कड़क चाय की तलाश में रहते हैं, साथ ही इसे प्राकृतिक तत्वों के लाभों के साथ संपूर्ण बनाया गया है।

टाटा टी प्रीमियम केयर के लॉन्च के अवसर पर बोलते हुए, पुनीत दास, प्रेसिडेंट झ पैकेज्ड बेवरेजेस (इंडिया एंड साउथ एशिया), टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स, ने कहा, टाटा टी प्रीमियम केयर हमारी प्रीमियम रणनीति का स्वाभाविक विस्तार है। भारतीयों का चाय के साथ एक गहरा भावनात्मक संबंध है, और इस नए उत्पाद के माध्यम से, हम रोजाना की चाय के अनुभव को बेहतर बना रहे हैं, जिसमें सदियों से इस्तेमाल हो रहे प्राकृतिक तत्वों की अच्छाई को शामिल किया गया है। जैसे-जैसे उपभोक्ता अपने स्वास्थ्य विकल्पों को लेकर अधिक सतर्क हो रहे हैं, हमें विश्वास है कि यह अनूठा मिश्रण उन्हें बेहद पसंद आएगा। इस नए विस्तार के साथ, हम प्रीमियम वेलनेस कैटेगरी में अपनी उपस्थिति को और भी मजबूत बना रहे हैं, जिससे उच्च-गुणवत्ता और उद्देश्यपूर्ण पेय प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता और मजबूत होती है।

## नेस्ले इंडिया ने महाकुंभ 2025 में रचा सौहार्द और एकजुटता का माहौल

Nestlé Good food, Good life

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**

**पानीपत, 26 फरवरी।** नेस्ले इंडिया महाकुंभ में बहुत सारी मजेदार चीजें करने के लिए तैयार है, जिनसे लोगों को अच्छा लगेगा, उन्हें आराम मिलेगा और सब एक-दूसरे से मिल-जुल पाएंगे। इसमें मैगी और किटकैट जैसे उनके मशहूर ब्रांड भी होंगे, और वो हर आगंतुक के अनुभव को और भी खास बना देंगे। दुनिया के इतने बड़े मेले में, नेस्ले चाहता है कि सब लोग एक साथ आएं, थोड़ी देर आराम करें और खुशी के पल बिताएं।

इसकी सभी गतिविधियों में एक प्रमुख गतिविधि है मैगी महाकुंभ कैम्पेन 2 मिनट अपनों के लिये, जिसमें लोगों को साथ लाने के लिये मैगी की भूमिका के बारे में बताया गया है। मैगी ने इसके लिये खास ब्रैंडेड जोन्स और डेडिकेटेड सेल्फी पॉइंट्स स्थापित किये हैं, जहाँ आगंतुक गरमा-गरम मैगी का मजा लेते हुए अपने मैगी मोमेंट्स को संजो सकते हैं। अपनी सामुदायिक पहल के तहत नेस्ले इंडिया ने सफाई कर्मचारियों को 12000 कंबल वितरित किये और 2-मिनट मैगी मील्स भी परोसी। महाकुंभ को संभव बनाने वाले इन लोगों को कंपनी ने गर्माहट का अहसास और पोषण प्रदान किया।

इन पहलों पर अपनी बात रखते हुए, नेस्ले इंडिया में प्रीपेयर्ड डिशेज और कुकिंग ऐड की डायरेक्टर रूपाली रत्तन ने कहा, इस महाकुंभ में नेस्ले मैगी ने अपने कैम्पेन 2 मिनट्स अपनों के लिये से लोगों को एकजुट किया है। मैगी चार दशकों से ज्यादा समय से भारतीय परिवारों का हिस्सा बना हुआ है और हमेशा से एकजुटता का प्रतीक रहा है। इस कैम्पेन के माध्यम से मैगी ने मैगी कॉर्नर्स स्थापित किये हैं, जोकि कुंभ में आने वाले लोगों को आराम देते हैं। यहाँ लोग एक-दूसरे से जुड़ सकते हैं, कहानियाँ साझा कर सकते हैं और मायने रखने वाली यादें संजो सकते हैं। इसके अलावा, मैगी ने कचरे का जिम्मेदारी से प्रबंधन करने की अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत किया है। सफाई कर्मचारियों के सम्मान में मैगी उन्हें भोजन और कंबल प्रदान करेगा। इन लोगों ने कुंभमेला को साफ-सुथरा रखने में मदद की है और हमारी कोशिश से उन्हें सर्दियों के दौरान गर्माहट मिलेगी।

नेस्ले इंडिया में कंफेक्शनरी के डायरेक्टर गोपीचंदर जगदीशन ने कहा, इस साल हम महाकुंभ में अपने ब्रैंड की फिलोसॉफी हैव अ ब्रेक, हैव अ किटकैट लेकर आये हैं। हमने एक डेडिकेटेड किटकैट जोन बनाया है, जहाँ किटकैट के रिसाइकल्ड रैपर्स से बनी बेंच हैं। इस तरह हम आगंतुकों को आराम देने के साथ-साथ पर्यावरण के संरक्षण का भी का समर्थन कर रहे हैं।

नेस्ले इंडिया महाकुंभ 2025 को और भी खास बनाने जा रहा है। वो ऐसे पल बना रहे हैं जिनसे लोगों को आराम भी मिलेगा और वो एक दूसरे से जुड़ भी पाएंगे। जब लोग यहाँ से जाएंगे, तो उनके पास अच्छी यादें होंगी और वो एक दूसरे के और भी करीब महसूस करेंगे।"

## चोरों ने बाइक पर रखा मोबाइल उड़ाया

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**

**सिरसा, 26 फरवरी।** गांव दयासिंह थेहड़ में चोर एक व्यक्ति के बाइक पर रखा फोन चोरी कर ले गए।

पुलिस को दी शिकायत में सतपाल सिंह ने बताया कि वह बजाज फाइनेंस ऐलनाबाद में काम करता है। उसने बताया कि बीती 24 फरवरी की शाम को वह घर आया था। गेट के बाहर बाइक खड़ी की। उसने अपना फोन बाइक पर छोड़ा और गेट खोलने के लिए चला गया। गेट खोलकर जब वह आया तो बाइक पर से फोन गायब मिला। अपने स्तर पर आसपास के लोगों से भी काफी पूछताछ की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। जिसके बाद पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# डबवाली एसपी ने गुम हुए 10 मोबाइल उनके मालिकों को सौंपे

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**

**सिरसा, 26 फरवरी।** डबवाली की साइबर सुरक्षा शाखा ने जनवरी माह में मोबाइल गुम होने की 10 शिकायतों का निपटारा कर गुम हुए 10 मोबाइल फोन बरामद किए। पुलिस अधीक्षक डबवाली सिद्धांत जैन ने बुधवार को अपने कार्यालय में गुमशुदा मोबाइल फोन के असल मालिको को बुलाकर उन्हें मोबाइल फोन सौंपे।



पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिला डबवाली की साइबर सुरक्षा शाखा में मोबाइल गुम होने की शिकायत आती रहती है। जिसकी जांच करते हुए साइबर सुरक्षा शाखा प्रभारी सहायक सब इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह व उनकी टीम ने जनवरी माह में 10 मोबाइल फोन की बरामदगी की है और उनके असल मालिक को मोबाइल सौंपे गए। जिनमें गुरदास सिंह, वरुण, अशोक सेठी, राकेश, सोनु कुमार, विवेक व बलवीर सभी अपना अपना फोन पाकर खुश हुए और डबवाली पुलिस का धन्यवाद किया।

# जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने हेक्टर के ग्राहकों के लिए पेश किया 'पावर पैक' ऑफर

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**

**रेवाड़ी, 26 फरवरी।** जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने आज हेक्टर खरीदने वाले संभावित ग्राहकों के लिए "पावर पैक" स्कीम की घोषणा की है। पावर पैक एक बेहद किफायती पेशकश है, जिसके तहत ग्राहकों को पांच आकर्षक लाभ पेश किए गए हैं। इन लाभों में पहला है फाइनेंसिंग (आरओआई) पर आकर्षक 4.99प्रतिशत की ब्याज दर। इसके अलावा अतिरिक्त सुरक्षा के लिए एक्सटेंडेड वारंटी, वाहन को अपने मन मुताबिक स्वरूप देने के लिए कॉम्पलीमेंट्री एक्ससरीज, झंझट रहित सफर के लिए रोड साइड असिस्टेंस के साथ ही रोड टैक्स (आरटीओ) में 50प्रतिशत की कमी शामिल है।*इन सभी लाभों के साथ ग्राहक को हेक्टर खरीदने पर 2.40 लाख रुपये तक की बचत हो सकती है। इन लाभों के साथ एसयूवी के शौकीनों के



लिए हेक्टर और भी अधिक किफायती और आकर्षक विकल्प बन जाती है। ये सीमित समय के ऑफर 31 मार्च, 2025 तक वैध हैं। इन ऑफर के साथ हेक्टर एसयूवी सेगमेंट में अपनी स्थिति और भी मजबूत बना रही है। यह ऑफर उन ग्राहकों के लिए बेहद खास है, जो सेडान या छोटे आकार की एसयूवी को छोड़कर भारत की पहली इंटरनेट कार और लोकप्रिय मिड-साइज एसयूवी एमजी हेक्टर में अपग्रेड करना चाहते हैं।एमजी का यह ऑफर एसयूवी सेगमेंट में सही कीमत के साथ रिसेल मार्केट में हेक्टर की स्थिति को और मजबूती प्रदान करता है। ड्रूम द्वारा हाल ही में किए गए विश्लेषण के साथ ही कई स्वतंत्र अध्ययनों ने हेक्टर एसयूवी का बेमिसाल रिसेल वैल्यू वाली कार माना है। स्टडी में हेक्टर ने टाटा हैरियर और महिंद्रा एक्सयूवी 700 जैसे प्रतिस्पर्धियों से बेहतर प्रदर्शन किया है। स्टडी से पता चलता है कि हेक्टर अपने मूल्य का 70-75प्रतिशत बरकरार रखती है, जो इसकी मजबूत इंजीनियरिंग, स्थायित्व और बाजार में इसकी निरंतर मांग का प्रमाण है। रिसेल बाजार में हेक्टर की यह मजबूत स्थिति, इसकी कम रखरखाव लागत और मेंटेनेंस पर औसतन लगभग 500 रुपये प्रति माह के खर्च के चलते हासिल हुई है।भारत की पहली इंटरनेट एसयूवी हेक्टर को 2019 में पेश किया गया था। इसके बाद से इसने एसयूवी के लिए एक नया मानक स्थापित किया है। बेजोड़ कीमत, बेहतरीन पर्फोर्मेंस के साथ यह एसयूवी एडवांस टेक्नोलॉजी से लैस है। ड्रूम के मुताबिक हाइवे पर यह एसयूवी करीब 21 किमी प्रति लीटर तक का माइलेज देती है, इसकी यह खूबी ग्राहकों के बीच इसके आकर्षण को और बढ़ा देती है। इस एसयूवी में अपनी श्रेणी का सबसे बेहतरीन 14-इंच एचडी इंफोटेनमेंट डिस्प्ले, 75 से अधिक कनेक्टेड कार फंक्शनेलिटी, डुअल-पैन पैनोरमिक सनरूफ, एडीएएस लेवल 2 सहित कई एडवांस सेफ्टी फीचर दिए गए हैं। ऐसे ही कई आकर्षक फीचर्स एसयूवी के शौकीनों को एक बेमिसाल अनुभव प्रदान करते हैं। फीचर से भरपूर यह एसयूवी उन ग्राहकों के लिए बेहद खास है जो एसयूवी के साथ एक बोल्ड डिजाइन, स्मूथ, आरामदायक राइड और तकनीकी रूप से एडवांस ड्राइविंग अनुभव चाहते हैं।

# हेलीकॉप्टर पर राजस्थान से दुल्हन लेकर आया दूल्हा

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**

**सिरसा, 26 फरवरी।** गांव कागदाना में दूल्हा अपनी दुल्हन को हेलीकॉप्टर में लेकर पहुंचा तो देखने के लिए कागदाना व आसपास के गांवों के ग्रामीणों का हुजूम उमड़ पड़ा। कागदाना के बाग राम रुहिल के पोते की यह शादी क्षेत्र मे चर्चा का विषय बनी हुई है। एक तो यहां डॉ. दूल्हा अपनी डॉ. दुल्हन को हेलीकॉप्टर में राजस्थान से विदा कराकर घर लाया। इसके साथ-साथ यह शादी चर्चा का विषय इसलिए भी बनी रही कि शादी भी बिना दहेज के एक रुपया व एक नारियल लेकर परंपरागत रस्म अदा की।



गांव कागदाना निवासी डॉ. जगदीश चौधरी के बेटे डॉ. हिमांशु की शादी राजस्थान के सीकर जिले के गांव नवलगढ़ निवासी डॉ. श्रवण गोदारा की बेटी डॉ. दीक्षा गोदारा के साथ मंगलवार 25 फरवरी को हुई। जिनको आशीर्वाद देने के लिए चोपटा क्षेत्र से कृष्ण कुमार, भगत सिंह, सूबे सिंह रुहिल, सुभाष, रजबीर मंडा, डॉ. मोहित, रूपीन, सोहन लाल, विजय सिंह नाथूसरी कलां के समाजसेवी रधुवीर कड़वासरा व साहब राम माली सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति पहुंचे। राजस्थान से विदाई के बाद हिमांशु दीक्षा को लेकर हेलीकॉप्टर में कागदाना के खेल स्टेडियम में पहुंचा। डॉ. जगदीश ने कहा हर लडकी को उसके पिता पढ़ा-लिखाकर बड़ा करते हैं। शादी में उन्हें दहेज की चिंता भी सताती है। लेकिन एक पिता अपनी बेटी को दे देता है, इससे बढकर और क्या चाहिए। हम तो दहेज के सख्त खिलाफ हैं। हमने बिना दहेज के बेटे की शादी कर समाज को संदेश दिया है। मुझे बहुत खुशी है। गांव कागदाना निवासी डॉ. जगदीश की पत्नी सरोज की इच्छा थी, उसके बेटे की दुल्हन हेलीकॉप्टर में आए। अपनी पत्नी की इच्छा करते हुए डॉ. जगदीश ने शादी से पहले ही हेलीकॉप्टर दुल्हन लेकर आने के लिए बुक करवा दिया।

## दुकान में घुसे सांडों ने मचाया उत्पात

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**

**सिरसा, 26 फरवरी।** शहर में बरनाला रोड पर बुधवार को सांडों की लड़ाई दुकानदार को महंगी पड़ गई। सांडों ने दुकान में घुसकर उत्पात मचाया और गेट का शीशा तोड़ डाला। वहीं, दुकानदार को भी चोटिल कर डाला। दुकानदार के सिर व हाथों पर चोटें लगी हैं। एक एक्टिवा भी तोड़ डाली। करीब आधे घंटे तक सांडों में लड़ाई होती रही। बाद में बड़ी मुश्किल से लोगों ने सांडों को वहां से भगाया। गर्ग जनरल स्टोर के संचालक मनोज कुमार ने बताया कि सडक पर पांच-छह सांड आपस में लड़ रहे थे। दुकानदारों ने उन्हें शांत करने के लिए पहले पानी डाला, फिर ईंटों से भी उन्हें भगाने का प्रयास किया। मगर दो सांड लड़ते-लड़ते उसकी दुकान में घुस गए। इससे दुकान के मेन गेट का शीशा टूट गया। उसके पिता को भी काफी चोटें आई हैं। गनीमत रही कि जान का नुकसान नहीं हुआ। इस घटना के बाद दुकानदारों ने नगर परिषद प्रशासन के प्रति रोष जाहिर किया।

# 12 ज्योतिर्लिंग और 4 धाम की महासंगम यात्रा की अभूतपूर्व सफलता के बाद अब आईएमपीसी की प्रयागराज महाकुंभ से 8 राज्यों से होते हुए दिल्ली तक भगवा त्रिशूल यात्रा

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**

**हिसार, 26 फरवरी।** सनातन संस्कृति के उत्थान और प्राचीन शिवालयों के पुनरुद्धार के संकल्प के साथ, अंतर्राष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद (आईएमपीसी) एवं भगवा ऐप द्वारा "भगवा त्रिशूल यात्रा" का भव्य शुभारंभ होने जा रहा है। यह दिव्य यात्रा 1 मार्च 2025 को पवित्र नगरी प्रयागराज से प्रारंभ होकर 29 मार्च 2025 को दिल्ली स्थित तालकटोरा स्टेडियम पहुंचेगी, जहाँ भव्य शोभायात्रा एवं महासम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस यात्रा का प्रमुख लक्ष्य 120 पवित्र त्रिशूलों को प्राचीन शिवालयों में प्रतिष्ठित कर सनातन धर्म की अखंडता को सुदृढ़ करना है।महासंगम यात्रा की भव्य सफलता के बाद यह तीसरे चरण की नई शुरूआत है। आईएमपीसी के शिव शक्ति केंद्र परियोजना के तहत, भारत के 108 प्राचीन शिवालयों और विदेशों के 12 मंदिरों का पुनरुद्धार करने का संकल्प लिया गया है। इसी क्रम में महासंगम यात्रा का आयोजन किया गया था, जो दो प्रमुख चरणों में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। महासंगम यात्रा में 40 सनातन धर्म अनुयायियों ने 12 ज्योतिलिंगों और 4 धामों की यात्रा करते हुए 108 पवित्र त्रिशूलों को दिव्यता प्रदान की। यह यात्रा



12,000 किमी की दूरी तय कर 25 दिनों में पूर्ण हुई। यात्रा का शुभारंभ भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव श्री तरुण चुघ द्वारा हुआ था और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी इसे अपना आशीर्वाद उज्जैन में दिया। महासंगम पूजन 29 जनवरी मौनी अमावस्या से 28 फरवरी (महाशिवरात्रि के पावन पर्व के उपलक्ष्य में ) तक, प्रयागराज संगम में 108 त्रिशूलों का भव्य महापूजन एवं अभिषेक किया गया, जिससे वे भगवान शिव की दिव्य ऊर्जा से परिपूर्ण हो सके।सनातन धर्म के संरक्षण और प्राचीन मंदिरों को पुनर्स्थापित करने हेतु भगवा त्रिशूल यात्रा आईएमपीसी की तीसरे चरण की ऐतिहासिक पहल है। इस यात्रा के माध्यम से 120 पवित्र त्रिशूलों को विशेष रूप से चयनित शिवालयों में प्रतिष्ठित किया जाएगा। यात्रा के दौरान तीन विशाल 32 फीट ऊँचे ट्रकों में 120 त्रिशूलों को भव्य रूप से ले जाया जाएगा। यात्रा में 50-100 वाहनों का भव्य काफिला शामिल होगा। हजारों श्रद्धालु एवं संत महात्मा इस यात्रा में सम्मिलित होकर भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त करेंगे।यह दिव्य यात्रा उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, मध्य प्रदेश और चंडीगढ़ से होकर गुजरेगी।

इस यात्रा का समापन श्रावण शिवरात्रि (6 जुलाई 2025) को होगा, जब 120 पवित्र त्रिशूलों को प्राचीन शिवालयों में प्रतिष्ठित किया जाएगा। भारत के 108 प्रमुख शिवालयों में 108 त्रिशूल और विदेशों के 12 शिवालयों में 12 त्रिशूल प्रतिष्ठित किए जाएंगे।इस दिव्य यात्रा को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री श्री अमित शाह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ सहित कई धर्मगुरुओं और प्रमुख हस्तियों का आशीर्वाद प्राप्त हो रहा है। यह यात्रा सनातन संस्कृति के संरक्षण एवं उत्थान में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगी।आईएमपीसी इस पवित्र यात्रा हेतु आवश्यक प्रशासनिक एवं आधिकारिक स्वीकृतियाँ प्राप्त कर रहा है। इस ऐतिहासिक पहल का हिस्सा बनने और सनातन धर्म के इस महायज्ञ में योगदान देने के लिए आप सभी श्रद्धालुओं, धर्मप्रेमियों, संत समाज एवं भक्तों से सहयोग एवं समर्थन की अपील की जाती है।

आईएमपीसी राष्ट्रीय महामंत्री एवं कार्यकारी अध्यक्ष का संदेश :- अंतर्राष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद( आईएमपीसी) के कार्यकारी अध्यक्ष राजेश यादव ने कहा, "इस यात्रा के माध्यम से हम समाज को जागरूक करना चाहते हैं कि हमारी प्राचीन धरोहरों का संरक्षण आवश्यक है। इस ऐतिहासिक पहल से लाखों सनातन धर्म अनुयायियों को जोड़ने का संकल्प लिया गया है। हमें विश्वास है कि यह यात्रा सनातन संस्कृति की अखंडता को बनाए रखने में मील का पत्थर साबित होगी।"अंतर्राष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद( आईएमपीसी) के राष्ट्रीय महामंत्री दीप सिहाग सिसाए ने कहा, "भगवा त्रिशूल यात्रा केवल एक धार्मिक यात्रा नहीं है, बल्कि यह सनातन धर्म के गौरव और परंपराओं के पुनरुद्धार की दिशा में एक महान प्रयास है। हमारा लक्ष्य प्राचीन शिवालयों को पुनर्जीवित कर उन्हें शिव शक्ति केंद्र के रूप में विकसित करना है, जिससे सनातन संस्कृति को और अधिक मजबूती मिले।"

## समाचार पत्र हॉकर की माता का निधन, जताया शोक

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**



**लोहारू, 26 फरवरी।** उपमंडल के गांव बरालु में समाचार पत्र हॉकर राजेश प्रजापति की माता तारावती देवी का विगत दिवस हृदय गति रुकने से निधन हो गया। वे करीब 80 वर्ष की थीं। क्षेत्र के अनेक सामाजिक संगठनों ने शोक संतप्त परिवार को सांत्वना देते हुए दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी। वे अपने पिछे दो पुत्र, एक पुत्री व पौत्र-पौत्रियों सहित भरा पुरा परिवार छोडकर गई हैं।

भाकियू से धर्मपाल बारवास, रवींद्र कस्वां, उमेद फरटिया, भूपेंद्र कस्वां, इंद्रसिंह, सुनील कुमार, राजू, विक्रम, सतीश, पत्रकार महेश श्योराण, अमित वालिया, प्रमोद सैनी, राकेश शर्मा, महासिंह श्योराण, सोनू, कुलदीप अनेक लोगों ने संतप्त परिवार को सांत्वना देते हुए कहा कि 80 वर्षीय तारावती देवी का समाजसेवी योगदान समाज के लिए प्रेरणादायक रहेगा।

## सात मार्च से शुरू होंगे होलाष्टक, 13 अप्रैल तक रहेगा मलमास, इस अवधि में नहीं होंगे मांगलिक कार्य

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**

**लोहारू, 26 फरवरी।** रंगों का त्योहार होली इस बार 14 मार्च को मनाया जाएगा। ऐसे में इस बार होलाष्टक 7 मार्च से शुरू हो रहे हैं जिसके बाद से अगले एक माह के दौरान विवाह, शादी व अन्य मांगलिक कार्य वर्जित रहेंगे। हालांकि होलाष्टक का समापन 13 मार्च को होलिका दहन के साथ ही हो जाएगा परंतु इसके तुरंत बाद मलमास शुरू होगा, जो 13 अप्रैल तक रहेगा। इसी बीच 19 मार्च से 22 मार्च तक शुक्र तारा भी अस्त रहेगा। मलमास खत्म होने के बाद ही विवाह शादी व अन्य मांगलिक आयोजन हो सकेंगे। पंडित रोहित पुजारी ने बताया कि 7 मार्च को शुरू होने वाला होलाष्टक 13 मार्च तक रहेंगे। इसके बाद 14 मार्च को मलमास शुरू हो जाएगा, जो 13 अप्रैल को रात 2:33 बजे तक रहेगा। उन्होंने बताया कि फाल्गुन महीने की शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि से होलाष्टक शुरू हो जाते हैं और फाल्गुन पूर्णिमा तक यानी होलिका दहन तक रहता है। होलाष्टक में कोई भी मांगलिक कार्य जैसे शादी-विवाह, मुंडन, नामकरण, गृह प्रवेश आदि मांगलिक कार्य करना वर्जित हैं। उन्होंने बताया कि होलाष्टक के दिनों में सभी ग्रह उग्र अवस्था में आ जाते हैं और नकारात्मक ऊर्जा का प्रभाव बढ़ जाता है, इसलिए इस अवधि में कोई भी शुभ कार्य नहीं किया जाता। इसके बाद 14 मार्च को मलमास शुरू हो जाएंगे, जो 13 अप्रैल को रात 2:33 बजे तक रहेंगे।

**देव शयन के कारण 6 जुलाई से 22 नवंबर तक मुहूर्त नहीं:-**

होलाष्टक लगने से पहले मार्च महीने में विवाह के केवल 2 शुभ मुहूर्त ही शेष हैं। जिनमें 5 व 6 मार्च शामिल हैं। इसके बाद अप्रैल महीने में विवाह के मुहूर्त 14, 16, 18, 19, 20, 25, 29, 30 अप्रैल, मई में 5, 6, 7, 8, 13, 17, 28 मई, जून में 1, 2, 4, 7, 8, 9 तथा 10 जून है। इसके बाद 11 जून को रात 11:33 बजे गुरु तारा अस्त होगा, जो 6 जुलाई को ही उदय होगा। इसी दिन देव शयन दोष होने से विवाह मुहूर्त पर वापस रोक लग जाएगी। इसके बाद विवाह के मुहूर्त 22 नवंबर को प्रारंभ होंगे। जिसके बाद 22, 23, 25 व 30 नवंबर तथा 4 और 11 दिसंबर के मुहूर्त रहेंगे। इन मुहूर्त के अलावा 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया, 5 मई को जानकी नवमी 12 मई को पीपल (बुद्ध पूर्णिमा) पूर्णिमा, 5 जून को गंगा दशमी, 4 जुलाई भड़ली नवमी, व 2 नवंबर को देवउठनी एकादशी पर अबूझ मुहूर्त होने के कारण विवाह संपन्न होंगे।

## सीडीएसएल आईपीएफ ने फतेहाबाद में निवेश जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया



**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**

**फतेहाबाद, 26 फरवरी।** सीडीएसएल निवेशक सुरक्षा कोष (सीडीएसएल आईपीएफ) ने फतेहाबाद, हरियाणा में छात्रों के लिए निवेश जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया।

यह पहल जीएम गुरुकुल अकादमी, ठाकर बस्ती नजदीक जीवन अस्पताल फतेहाबाद में आयोजित की गई थी।

कार्यक्रम का ध्यान वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देने पर केंद्रित था और निवेशकों को पूंजी बाजारों में अपने निवेश के संबंध में सूचित निर्णय लेने के लिए सशक्त बनाया गया, साथ ही निवेश के मूल सिद्धांतों पर भी प्रकाश डाला गया।

यह सुनिश्चित करने के लिए कि यह पहल व्यापक दर्शकों तक पहुंचे, कार्यक्रम हिंदी और अंग्रेजी में आयोजित किया गया। वक्ताओं ने छात्रों के लिए निवेश की अवधारणाओं को सरल बनाया, जिसमें निवेश की मूल बातें और डिपॉजिटरी सेवाएं जैसे विषय शामिल थे।

चूंकि निवेशक शिक्षा पूंजी बाजारों में वित्तीय समावेशन प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, सीडीएसएल आईपीएफ का उद्देश्य निवेशकों को पूंजी बाजारों की जटिलताओं को आत्मविश्वास के साथ समझने और #आत्मनिर्भर निवेशक बनने के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल प्रदान करना है।

वित्तीय साक्षरता फैलाने के लिए प्रतिबद्ध, सीडीएसएल आईपीएफ इस वर्ष देश भर में निवेशक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करना जारी रखेगा।

## हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया गया महाशिवरात्रि पर्व

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**



**लोहारू, 26 फरवरी।** लोहारू व आसपास के क्षेत्र में महाशिवरात्रि पर्व हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। सुबह सवेरे ही मंदिरों में भगवान शिव के जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़नी शुरू हो गई व श्रद्धालुओं ने मंदिरों में भगवान शिव का जल व दूध से अभिषेक किया तथा प्रसाद चढ़ाकर मनोकामनाएं मांगी। महाशिवरात्रि पर्व पर लोहारू के पुराना शहर स्थित शिव मंदिर, उजाडिया मंदिर, गिगनाऊ के शिवालय, दादा गढ़वाला मंदिर, गागड़वास के प्राचीन शिव मंदिर, में हजारों श्रद्धालुओं ने पवित्र गंगाजल व दूध से अदि देव भगवान शिव का अभिषेक किया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने भगवान शिव से समस्त विश्व के कल्याण आदिदेव भगवान शिव का अभिषेक किया व भगवान शिव से समस्त विश्व के कल्याण की कामना की। वहीं सतनाली इलाके में भी मांडोला के बाबा केसरिया मंदिर, शिव गोरक्ष धाम, बाबा भैरव मंदिर सहित समूचे क्षेत्र में भी महाशिवरात्रि का पर्व परंपरागत श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। महंत सुंदर दास जी महाराज ने बताया कि भगवान शिव आदि अनंत हैं तथा जब काल रात्रि में आई तो बुरे का शुभ में बदलने के लिए शिवरात्रि का आविर्भाव हुआ। महाशिवरात्रि का अर्थ परिवर्तन से है और असुर शक्तियों का अंत होकर दैवीय शक्तियों के उदय से है। उन्होंने कहा कि इस दिन हमें बुराइयों की रात्रि का अंत कर सद्मार्ग पर चलने का प्रण लेना चाहिए।

## गल्ले से नकदी व सोने की अंगूठी चोरी

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**
**सिरसा, 26 फरवरी।** जनता अस्पताल के समीप एक बाइक सेल परचेज की दुकान के गल्ले से चोर मौका पाकर 20 हजार रुपए की नकदी सहित एक सोने की अंगूठी चोरी कर ले गया।
पुलिस को दी शिकायत में रत्ताखेड़ा निवासी रिंकू कुमार ने बताया कि उसकी जनता अस्पताल के पास बाइक सेल परचेज की दुकान है। बीती 25 फरवरी की दोपहर को वह किसी काम से बाजार में गया था। इसी दौरान चोरों ने उसके काऊंटर का ताला तोडकर गल्ले से 20 हजार रुपए की नकदी व एक सोने की अंगूठी चोरी कर ली। कुछ देर बाद जब वह दुकान पर आया तो उसे इस घटना का पता चला। अंदर जाकर देखा तो गल्ला खुला पड़ा था और नगदी व अंगूठी गायब थी। अपने स्तर पर आसपास के लोगों से भी पूछताछ की, लेकिन चोरों का कोई सुराग नहीं लगा। इसके बाद उसने पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्जकर आगामी कार्रवाई शुरू की है।

## जिला में विभिन्न स्थानों से चार बाइक व गाड़ी चोरी

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**
**सिरसा, 26 फरवरी।** जिला में अलग-अलग स्थानों से चोर 4 बाइक व एक गाड़ी चोरी कर ले गए।
पहले मामले में एडीसी कॉलोनी निवासी रतन सिंह ने बताया कि उन्होंने अपने बाइक गली में घर के बाहर खड़ा किया था। कुछ देर बाद संभाला तो बाइक गायब मिला। दूसरे मामले में श्याम कॉलोनी रानियां निवासी सुखवंत सिंह ने बताया कि उसने अपनी गाड़ी बीती 24 फरवरी की रात को घर के साथ लगते प्लॉट में खड़ी की थी। सुबह गाड़ी संभाली तो गायब मिली। अपने स्तर पर
काफी तलाश की, लेकिन गाड़ी का कोई सुराग नहीं लगा। तीसरे मामले में गांव घोड़ांवाली निवासी ने बताया कि बीती 22 फरवरी की शाम को उसने अपने घर के बाहर अपना बाइक खड़ा किया था। कुछ देर बाद संभाला तो बाइक गायब मिला। चौथे मामले में गांव डिंग निवासी देशराज ने बताया कि 25 फरवरी को वह हिसार रोड स्थित पैलेस में शादी समारोह में गया था। बाइक बाहर खड़ी कर वह अंदर चला गया। कुछ देर बाद आया तो बाइक गायब मिली। 5वें मामले में गांव पन्नीवाला मोटा निवासी रवि डूडी ने बताया कि वह बस स्टेंड के निकट पुलिस नाके पर बाइक खड़ी कर किसी काम से गया था। वापस लौटा तो बाइक गायब मिली। उसने अपने स्तर पर बाइक की काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। इसके बाद उसने पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्जकर आगामी कार्रवाई शुरू की है।

## कुसुंबी से पंचायती झोटा चोरी

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**
**सिरसा, 26 फरवरी।** गांव कुसुंबी से एक पंचायती झोटा चोरी हो गया। पुलिस को दी शिकायत में सरपंच वेदप्रकाश कुसुंबी ने बताया कि कुछ समय पूर्व पंचायत की ओर से एक झोटा गांव में लाया गया था। करीब 10 दिन पूर्व उक्त पंचायती झोटा कोई चोरी कर ले गया। अपने स्तर पर वे उसकी तलाश करते रहे, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। जिसके बाद पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## युवक 260 ग्राम अफीम सहित काबू

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**
**सिरसा, 26 फरवरी।** सीआईए कालांवाली पुलिस ने कालांवाली क्षेत्र से लाखों रुपए की 260 ग्राम अफीम सहित एक युवक को काबू किया है।
आरोपी की पहचान विकास गजराज पुत्र बहादुर सिंह निवासी गांव चला वार्ड न.12 तहसील नीमकाथाना जिला सीकर राजस्थान हाल गाँव कालांवाली के रूप में हुई है ।
सीआईए कालांवाली प्रभारी इंस्पेक्टर विरेंद्र सिंह ने बताया कि एसआई रामस्वरूप सिंह पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान नायरा पेट्रोल पंप मंडी कालांवाली पर मौजूद थे। इस दौरान रेलवे स्टेशन की ओर से एक युवक पिृ बैग लिए हुए आता दिखाई दिया। युवक सामने पुलिस पार्टी को खड़ा देखकर एकदम पीछे मुडकर तेज कदमों से चलने लगा। पुलिस ने शक के आधार पर युवक को काबू करके तलाशी ली। आरोपी के पिृ बैग की जेब से कपड़े में लिपटी एक पारदर्शी पन्नी से 260 ग्राम अफीम बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना कालांवाली में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कार्यवाही की गई है।

## युवक 8.17 ग्राम हैरोइन सहित काबू

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**
**सिरसा, 26 फरवरी।** सीआईए डबवाली पुलिस ने गश्त के दौरान गांव माखा क्षेत्र से एक युवक को 8.17 ग्राम हैरोइन सहित काबू किया है।
सीआईए डबवाली प्रभारी सब इंस्पेक्टर राजपाल ने बताया कि एएसआई प्रीतम सिंह पुलिस पार्टी के साथ गश्त के दौरान गांव पिपली से गांव माखा की ओर जा रहे थे। मिठड़ी रजवाहा की पुलिया पर पहुंचे तो सामने गांव माखा की ओर से एक युवक आता दिखाई दिया। युवक ने सामने से पुलिस की गाड़ी को आता देखकर एकदम से वापिस मुडकर भागने का प्रयास किया। पुलिस ने शक के आधार पर उक्त युवक को काबू कर उसकी तलाशी ली तो उसके कब्जा से 8.17 ग्राम हैरोइन बरामद हुई। आरोपी की पहचान प्रगट सिंह उर्फ गग्गा पुत्र ज्ञान सिंह निवासी माखा के रुप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना कालांवाली में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कार्यवाही की गई है।

## जिला में विभिन्न स्थानों से चार बाइक व गाड़ी चोरी

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**
**सिरसा, 26 फरवरी।** जिला में अलग-अलग स्थानों से चोर 4 बाइक व एक गाड़ी चोरी कर ले गए।
पहले मामले में एडीसी कॉलोनी निवासी रतन सिंह ने बताया कि उन्होंने अपने बाइक गली में घर के बाहर खड़ा किया था। कुछ देर बाद संभाला तो बाइक गायब मिला। दूसरे मामले में श्याम कॉलोनी रानियां निवासी सुखवंत सिंह ने बताया कि उसने अपनी गाड़ी बीती 24 फरवरी की रात को घर के साथ लगते प्लॉट में खड़ी की थी। सुबह गाड़ी संभाली तो गायब मिली। अपने स्तर पर
काफी तलाश की, लेकिन गाड़ी का कोई सुराग नहीं लगा। तीसरे मामले में गांव घोड़ांवाली निवासी ने बताया कि बीती 22 फरवरी की शाम को उसने अपने घर के बाहर अपना बाइक खड़ा किया था। कुछ देर बाद संभाला तो बाइक गायब मिला। चौथे मामले में गांव डिंग निवासी देशराज ने बताया कि 25 फरवरी को वह हिसार रोड स्थित पैलेस में शादी समारोह में गया था। बाइक बाहर खड़ी कर वह अंदर चला गया। कुछ देर बाद आया तो बाइक गायब मिली। 5वें मामले में गांव पन्नीवाला मोटा निवासी रवि डूडी ने बताया कि वह बस स्टेंड के निकट पुलिस नाके पर बाइक खड़ी कर किसी काम से गया था। वापस लौटा तो बाइक गायब मिली। उसने अपने स्तर पर बाइक की काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। इसके बाद उसने पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्जकर आगामी कार्रवाई शुरू की है।

## रास्ता रोककर व्यक्ति पर हमला, ग्राम सरपंच सहित 3 पर केस

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**
**सिरसा, 26 फरवरी।** बडागुढ़ा पुलिस ने गांव बीरूवालागुढ़ा निवासी एक व्यक्ति के बयान पर ग्राम सरपंच सहित 3 लोगों के खिलाफ रास्ता रोककर हमला करने के आरोप में विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है।
पुलिस को दिए बयान में घायल चरणपाल सिंह निवासी बीरूवालागुढ़ा ने बताया कि बीती 22 फरवरी की सायं वह अपने बेटे आजादविन्द्र सिंह के साथ मोटरसाइकिल पर सवार हो कर गांव में ही सब्जी लेने जा रहा था। इसी दौरान गांव के ही कीरतपाल सिंह ने उसे रुकवा लिया और मारपीट की। फिर कीरतपाल सिंह के साथी ग्राम सरपंच सुखविंद्र सिंह व सुखवीर सिंह भी वहां आ गए और तीनों ने मिलकर उस पर डंडों व धारदार हथियारों से हमला कर दिया। शोर मचाए जाने के बाद उसके साथी हरपिंद्र सिंह ने मौके पर पहुंचकर उसे छुड़वाया। इस हमले में उसे काफी चोटें आईं जिसके चलते उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया। घायल चरणपाल सिंह के मुताबिक बीते 2 दिन पूर्व गांव बप्पां से नेजाडेला के मध्य आरोपियों के साथ उनका झगड़ा हुआ था। इसी के रंजिशन उन्होंने उस पर हमला किया है।

# ऋतिक रोशन और सलमान खान माउंटेन ड्यू के नए कैंपन में दिखाएंगे डर के आगे जीत का जज्बा

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**
**रोहतक, 26 फरवरी।** पेप्सिको इंडिया के बोल्ड एंड फीयरलेस बेवरेज ब्रांड माउंटेन ड्यू ने नए रोमांचक कैंपेन के साथ गर्मियों की तैयारी शुरू कर दी है। हम यह बताते हुए रोमांचित हैं कि माउंटेन ड्यू ने भारतीय सिनेमा के मेगास्टार सलमान खान और ऋतिक रोशन को साथ लाकर इतिहास रचा है। दोनों मेगास्टार ने साथ मिलकर डर के आगे जीत है के संदेश को आगे बढ़ाया है। दोनों सितारे एक अनूठे टीवीसी में नजर आएंगे, जिसमें दिखाया गया है कि हम हौसले और दोस्ती के दम पर हर चुनौती को पार करने का रास्ता निकाल सकते हैं। दुनिया पहली बार दोनों एक्शन हीरो सलमान खान और ऋतिक रोशन को स्क्रीन पर साथ देखने वाली है, जो अपने आप में माउंटेन ड्यू के उपभोक्ताओं के साथ-साथ इनके प्रशंसकों के लिए भी किसी रोमांच से कम नहीं है।
कैंपेन के बारे में माउंटेन ड्यू, पेप्सिको इंडिया की कैटेगरी लीड अकांक्षा दलाल ने कहा कि माउंटेन ड्यू निडरता का संदेश देती है और यह कैंपेन दोस्ती की ताकत के साथ इस संदेश को नई ऊंचाई तक ले जाता है। चुनौतियों का सामना साथ मिलकर किया जाए, तो हौसला बढ़ जाता है और इस कैंपेन की यही वो बात है, जो इसे लोगों से जोड़ती है। ऋतिक रोशन और सलमान खान को पहली बार साथ लाना सिर्फ उनकी अपनी पहचान से जुड़ा मामला नहीं है, बल्कि यह उस




एनर्जी के बारे में है, जो एक टीम के रूप में उन दोनों के साथ आने से पैदा होती है। यह कैंपेन दायरे से बाहर निकलने और चुनौतियों का सामना करने के बारे में हैं। यह कैंपेन इस बात को साबित करता है कि सही साथ मिले तो कोई डर ऐसा नहीं है, जिसे जीता न जा सके।
इस शानदार विज्ञापन में हमें दोस्तों का एक समूह नजर आता है, जो खूबसूरत बफीर्ली पहाड़ियों में केबल कार से सफर कर रहा है। अचानक केबल टूटती है और कार खाई की ओर गिरने लगती है। इस दिल दहला देने वाले दृश्य के बीच ऋतिक और सलमान खान बहादुरी और टीमवर्क का अनूठा उदाहरण पेश करते हैं और एक बड़े हादसे को टाल देते हैं। यह विज्ञापन हर उस व्यक्ति की कहानी दिखाता है, जिसने डर का सामना किया है और यह हमें याद दिलाता है कि कैसे दोस्त साथ हों तो हिम्मत कई गुना बढ़ जाती है।
माउंटेन ड्यू के ब्रांड एंबेसडर के रूप में अपने नए कैंपेन को लेकर सलमान खान ने कहा कि मैं ब्रांड एंबेसडर के रूप में माउंटेन ड्यू से हाथ मिलाकर रोमांचित हूं। हौसला रखने और डर का सामना करने का इस कैंपेन का संदेश मेरे दिल के करीब है। यह दोस्ती की ताकत दिखाता है। यह मुश्किल वक्त में दोस्तों का साथ होने और चुनौतियों से पार पाने की कहानी है। डर के आगे जीत है अपने आप में बहुत गहरा संदेश है और इसे पर्दे पर पेश करने को लेकर मैं रोमांचित हूं।
इस बीच, ब्रांड एंबेसडर ऋतिक रोशन ने कहा कि माउंटेन ड्यू हमेशा से दायरे से बाहर निकलने और डर का सामना करने का संदेश देती है और मैं इससे बहुत जुड़ाव अनुभव करता हूं। यह कैंपेन खास है, क्योंकि यह दिखाता है कि बहादुरी हमेशा अकेले चलने में नहीं है, बल्कि हौसला वह ताकत है, जो हमें एक-दूसरे से मिलती है। यह याद दिलाता है कि जब हम साथ होते हैं, तो किसी भी चुनौती का सामना कर सकते हैं। यही संदेश इस कैंपेन को इतना शक्तिशाली बना देता है।

# जिला भर में धूमधाम से मनाया महाशिवरात्रि पर्व

### ऊँ नम: शिवाय से गूजें शिवालय, श्रद्धालुओं ने किया भगवान शंकर का जलाभिषेक

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**
**सिरसा, 26 फरवरी।** जिलाभर में महाशिवरात्रि पर्व बुधवार को धूमधाम से मनाया गया। श्रद्धालुओं ने शिवालयों में जलाभिषेक किया। वहीं शहर में जगह-जगह लंगर भंडारों का आयोजन किया गया। शिवभक्तों ने हरिद्वार से लाई गई कांवड से शिवभोले का जलाभिषेक किया।
मुख्य आयोजन शिवपुरी स्थित भूतेश्वरनाथ मंदिर में किया गया। मंदिर परिसर में सुबह हवन यज्ञ किया गया। बाद में भंडारे का आयोजन किया गया। सुबह से जलाभिषेक करने वाले श्रद्धालुओं की कतारे लगी हुई थी। वहीं कांवडि?ों ने हरिद्वार से लाए गंगाजल से शिव भोले का जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की। श्रद्धालुओं ने दूध, दही, घी, शहद, चीनी, मिष्ठाण, फल, भांग, धतूरा, बेलपत्र आदि के साथ पूजा अर्चना की। साथ ही शिवपुरी रोड पर मेला लगा था। जहां पर बच्चों और महिलाओं ने खरीददारी की तो युवा वर्ग भांग की पकौड़ी और कचौड़ी खरीदने के लिए उमड़ा हुआ था। श्री सरसांई नाथ डेरा, श्रीगौशाला स्थित प्राचान शिव मंदिर व सनातन धर्म मंदिर में इस





मौके पर लंगर भंडारे का आयोजन किया गया। सिरसा के संस्थापक सरसांई नाथ बाबा की पूजा अर्चना की साथ ही जलाभिषेक किया। परशुराम चौक स्थित श्री सनातन धर्म मंदिर में हजारों श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया और लंगर का प्रसाद ग्रहण किया।
रानियां रोड स्थित गली जंडी वाली में पीपाजी मंदिर में पुजारी चंद्रशेखर दायमा ने महारुद्राभिषेक करवाया। श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक के बाद पूजा अर्चना कर घर में सुख समृद्धि की कामना की। वहीं श्री बाबा तारा कुटिया परिसर में गोपाल कांडा व गोबिंद कांडा ने कुटिया परिसर में हवन यज्ञ कर भगवान भोलेनाथ व तारा बाबा से सर्वकल्याण की कामना की। विद्वान पंडितों ने विधिविधान पूर्वक पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद गोपाल कांडा व गोबिंद कांडा ने कुटिया परिसर में आयोजित भंडारे का प्रसाद वितरित किया। इसके साथ ही भादरा पार्क स्थित सराफों वाला शिव मंदिर, खजांचियों वाला शिवालय, गली पारखांवाली स्थित शिव मंदिर, भादरा बाजार स्थित प्राचीन दूधेश्वर मंदिर, बी ब्लाक स्थित दुर्गा मंदिर, मुलतानी कॉलोनी स्थित शिव मंदिर, सब्जी मंडी स्थित शिव मंदिर व श्री श्याम बगीची स्थित शिवालय में श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया। दिनभर शिव मंदिरों में भगवान शिव के भजनों का गुणगान होता रहा। शहर में शिवभक्तों द्वारा जगह-जगह लंगर भंडारों का आयोजन किया गया। इसके अलावा ऐलनाबाद, डबवाली, रानियां, नाथुसरी चोपटा, कालांवाली, ओढ़ां, गोरीवाला आदि में महाशिवरात्रि का पर्व बड़ी धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया।

## डॉ. शील कौशिक को मिला गद्यश्री अलंकरण




**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**
**सिरसा, 26 फरवरी।** उत्तर प्रदेश की प्रमुख प्रज्ञा हिंदी सेवार्थ संस्थान, फिरोजाबाद द्वारा अंतर्राष्ट्रीय प्रज्ञा सम्मान-2024 प्रतियोगिता में डॉ. शील कौशिक की कृति समीक्षा के दायरे में महिला हिंदी लघुकथा लेखन के लिए श्री अरविंद तिवारी गद्यश्री अलंकरण-2024 प्राप्त हुआ। सम्मान में प्रशस्तिपत्र, स्मृति चिह्न, शॉल, माला, धनराशि, श्रीफल एवं अन्य उपहार प्राप्त हुए। इस अवसर पर अध्यक्ष पदमश्री प्रो. उषा यादव, प्रो. सुरेंद्र दुबे तथा सुप्रसिद्ध प्रवासी साहित्यकार डा. तेजेंद्र शर्मा मौजूद थे।
ध्यातव्य हो कि डॉ. शील कौशिक सिरसा की हरियाणा साहित्य अकादमी से पुरस्कृत व सम्मानित वरिष्ठ साहित्यकार तथा प्रमुख समालोचक हैं। इनकी विविध विधाओं में 64 पुस्तक प्रकाशित हुई हैं। इनके लेखन पर विभिन्न विश्वविद्यालय से शोधार्थियों द्वारा पांच पीएचडी तथा छह एमफिल संपन्न हो चुकी हैं। सुप्रसिद्ध विद्वान लेखकों ने उनके कृतित्व पर पांच पुस्तकें भी लिखी हैं। उनकी पांच पुस्तकों का विभिन्न भाषाओं में अनुवाद हो चुका है। हरियाणा साहित्य अकादमी के अलावा वे देश, विदेश कीअनेक संस्थाओं द्वारा सम्मानित हो चुकी है। चिल्ड्रन बुक ट्रस्ट द्वारा इनकी बाल कहानियां पुरस्कृत हो चुकी हैं तथा इनकी अनेक रचनाएं पाठ्यक्रम में भी सम्मिलित हैं। सिरसा के वरिष्ठ साहित्यकारों प्रो. रूप देवगुण, डॉ. राजकुमार निजात, डॉ. ज्ञान प्रकाश पीयूष, हरीश सेठी झिलमिल आदि ने बधाई के साथ-साथ उनकी इस उपलब्धि को सिरसा के लिए महत्वपूर्ण बताया।

## महिला ने ज्वैलर्स की दुकान से चुराई अंगूठी

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**
**सिरसा, 26 फरवरी।** रोड़ी बाजार में श्रीराम हंस ज्वैलर्स की दुकान पर आई महिला दुकानदार को बातों में लगाकर सोने की अंगूठी चुराकर ले गई।
पुलिस को दी शिकायत में सी ब्लॉक निवासी सुरेंद्र फुटेला ने बताया कि बीती 11 फरवरी को एक औरत दुकान पर आभूषण खरीदने के लिए आई थी। इसी दौरान वह मौका पाकर उसे बातों में लगाकर सोने की अंगूठी चोरी कर ले गई। उन्हें पहले तो पता नहीं चला। जब किसी अन्य ग्राहक को डिब्बे खोलकर दिखाए तो एक अंगूठी गायब थी। दुकान के बाहर लगे सीसीटीवी चैक किए तो पता चला कि दुकान पर आई महिला ही अंगूठी चोरी कर ले गई। उन्होंने अपने स्तर पर महिला की काफी तलाश की, लेकिन महिला का कोई सुराग नहीं लगा। इसके बाद पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू की है।

# प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्व विद्यालय में महाशिवरात्रि धूमधाम से मनाई

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**
**बहल, 26 फरवरी।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्व विद्यालय में 89वीं महाशिवरात्रि धूमधाम से मनाई गयी। प्रातः 6 बजे शिवलिंग की झांकी के साथ कस्बे के मुख्य बाजारों से प्रभात फेरी निकाली गई। जिसमे सेंकड़ों ब्रह्माकुमार व ब्रह्माकुमारियों नें शिव अवतरण का संदेश दिया। पूर्व चेयरमैन सुशील केडिया और केंद्र संचालिका बी के शकुंतला नें संयुक्त रूप से हरि झंडी दिखाकर प्रभात फेरी को नगर भ्रमण के लिए रवाना किया। बहल के पुलिस थाना प्रभारी राधेश्याम शर्मा ने शिव ध्वजारोहण के साथ प्रभात फेरी का समापन करवाया। इस मौके पर परमात्मा शिव की शिक्षाओं पर चल कर समाज मे सौहार्द की भावना बनाये रखने की अपील की। उन्होंने कस्बा वासियों को शिव जयंती की बधाई दी। कार्यक्रम मे विशिष्ट अतिथि प्रिंसिपल डॉ अनुज शर्मा ने कहा कि इंसान चाहे कितनी भी डिग्रियां हासिल कर ले,जब तक नैतिक मूल्य का अभाव रहेगा उच्च शिक्षा भी बेमानी सी हो जाती है। यहां इस ईश्वरीय विश्व विद्यालय मे सरल शब्दों मे ध्यान सिखाया जाता है। जिससे मनुष्य मे सहज ही परिवर्तन आने लगता है। इसको हमें अपने जीवन का अभिन्न अंग बना लेने का संकल्प करना चाहिए। ब्रह्माकुमार व ब्रह्माकुमारियों के हाथों मे स्लोगन पट्टी और शिव ध्वजा थामते हुए विश्व शांति के संदेश को बुलंद किया।
लोगों ने घरों से बाहर निकलकर शिव की झांकी का दर्शन कर पुण्य कमाया। इस अवसर पर केंद्र संचालिका बीके शकुंतला ने कार्यक्रम में पधारे मेहमानों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया और आभार व्यक्त करते हुए कहा कि परमात्मा का अवतरण 89 वर्ष पहले सन 1937 मे प्रजापिता ब्रह्मा के मानवीय तन मे हुआ था। इसलिए हम ये 89 वीं महाशिवरात्रि मना रहे है। उन्होंने सभी से प्रतिज्ञा कराई की हम किसी के लिए समस्या नहीं बनेंगे अपितु समाज को समर्पित सूक्ष्म से सूक्ष्म सहयोग अवश्य देंगे। उन्होंने अपने भीतर उगे हुए आके, धतुरे, मन में पलते हुए वैर भाव को शिव पर अर्पित करने का आव्हान किया। इस खुशी में मेहमानों नें दीप प्रज्वलित कर केक काटा और एक दूसरे को केक खिलाकर शुभकामनायें दीं। कार्यक्रम में बी शके पूनम नें राजयोग कामेंट्री से सबको शान्ति की गहन अनुभूति कराई। कम्प्यूटर इंजिनियर रितिका अग्रवाल नें भी सभा को सम्बोधित किया। बीके मीनू नें शेरो शायरी के द्वारा शिव महिमा की। कार्यक्रम में दयानन्द चेहड़िया, पूर्व प्रवक्ता बिमला श्योराण, चाननमल गोयल, सागरमल केडिया, अशोक सोनी, रमेश सोनी, बजरंग जांगड़ा, शारदा चैहड़िया उपस्थित रहे।

## महाशिवरात्रि पर उमड़ी आस्था, मंदिरों में लगा भक्तों का तांता

**हरियाणा वाटिका/प्रवीन कुमार**
**चंडीगढ़, 26 फरवरी।** चंडीगढ़ के मंदिरों व शिवालयों में बुधवार को महाशिवरात्रि की धूम रही। शिवालयों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु जलाभिषेक करने के लिए लम्बी-लम्बी कतारों में देखे गए। सुबह से ही राजधानी के कई मंदिरों में लोग सुबह से ही शिवालयों के बाहर नजर आए। मंदिरों में हर हर महादेव के उद्घोष सुनायी दिए। तड़के सुबह से ही सेक्टर 28 स्थित प्राचीन श्री खेड़ा शिव मंदिर में शिवलिंग पर जलाभिषेक करने के लिये श्रद्धालु शिव भक्तों की लम्बी कतार देखी गई। श्रद्धालुओं ने मंदिर में पहुंचकर शिवलिंग पर जलाभिषेक करके पूजा-अर्चना की।




इस दौरान भक्त देवाधिदेव महादेव के दर्शन करने के लिए लाइन में लगे दिखे और हर-हर महादेव के जयकारों से माहौल शिवमय हो गया। देवाधिदेव महादेव की उपासना के पावन पर्व महाशिवरात्रि पर शिव मंदिरों में बच्चे, नौजवाव सहित हर उम्र के लोग जलाभिषेक के लिए लंबी लाइन में लगे रहे, साथ ही साथ कई जगहों पर भंडारे का भी आयोजन किया गया।

# महाशिवरात्रि पर तोशाम के प्राचीन छपारिया हनुमान मंदिर में लगा रहा शिवभक्तों का तांता

**हरियाणा वाटिका/दीपक माहेश्वरी**
**तोशाम, 26 फरवरी।** बुधवार को महाशिवरात्रि के अवसर पर तोशाम के प्राचीन छपारिया हनुमान मंदिर में हजारों श्रद्धालुओं ने भोले का जलाभिषेक किया। इस दौरान मंदिर परिसर में शिवभक्तों का तांता लगा रहा और मंदिर प्रांगण भोले के जयकारों से गुंजायमान रहा।
मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित रामकिशन महाराज ने बताया कि तोशाम का प्राचीन छपारिया हनुमान मंदिर कस्बे सहित आसपास क्षेत्र के भक्तों की आस्था का केंद्र है। प्रत्येक पर्व पर यहां श्रद्धालुओं की अटूट आस्था देखने को मिलती है। इसी कड़ी में बुधवार को महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर अल सुबह से ही कस्बे के श्रद्धालुओं का प्राचीन छपारिया हनुमान मंदिर परिसर में हुजूम के रूप में आवागमन प्रारंभ हो गया, जोकि दोपहर तक निरंतर जारी रहा। इस दौरान शिवभक्तों ने फल,



फूल, आक, धतूरा, भांग, बेलपत्र, दूध, दही, घी, शहद आदि से भोले की पूजा अर्चना कर शिवलिंग का जलाभिषेक किया। इस दौरान शिवभक्तों द्वारा लगाए गए भोले के जयकारों से मंदिर परिसर पूरी तरह गुंजायमान रहा। पंडित रामकिशन महाराज ने बताया कि महाशिवरात्रि के अवसर पर हजारों की संख्या में शिवभक्तों ने करीबन 2100 लीटर जल से शिवलिंग का जलाभिषेक किया है। इस अवसर पर तोशाम के बीएलजेएस महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर राकेश भारद्वाज, ज्योतिषाचार्य कुंज बिहारी शास्त्री, खजांची लाल मित्तल, दिनेश शर्मा मीरान वाले, दीपचंद भारद्वाज, श्री कृष्ण शर्मा मीरान वाले, विष्णु भारद्वाज, नरेश द्वारिका पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि, राजेश शर्मा, पवन गर्ग, मांगेराम बंसल, रोहित, हनुमान, वरुण किनडा, अशोक गोयल, अशोक न्यू बीकानेर मिष्ठान भंडार वाले, आदि सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने भोले की पूजा अर्चना की।

## युवक 102 ग्राम अफीम सहित काबू

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**
**सिरसा, 26 फरवरी।** सीआईए ऐलनाबाद पुलिस ने गश्त के दौरान उधम सिंह चौक टिब्बी अड्डा ऐलनाबाद क्षेत्र से एक युवक को 102 ग्राम अफीम के साथ काबू किया है।
सीआईए ऐलनाबाद प्रभारी सब इंस्पेक्टर जगदीश चंद्र ने बताया कि सीआईए ऐलनाबाद की एक पुलिस टीम गश्त व चैकिंग के दौरान उधम सिंह चौक टिब्बी अड्डा ऐलनाबाद क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस पार्टी को बस स्टैंड टिब्बी की ओर से एक युवक पैदल चलकर आता हुआ दिखाई दिया। उक्त युवक ने सामने पुलिस पार्टी को देखकर अचानक वापस मुडकर तेज-तेज कदमों से चलकर भागने की कोशिश की। पुलिस पार्टी ने शक के आधार पर उक्त युवक को काबू कर राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में उसकी नियमानुसार तलाशी ली तो उसके कब्जा से हजारों रुपए की 102 ग्राम अफीम बरामद हुई। आरोपी की पहचान जगदीप सिंह पुत्र हरदेव सिंह निवासी बेहरवाला कलां हनुमानगढ़ राजस्थान के रूप में हुई है।

## दुकान से 3 लाख की नकदी चोरी का आरोपी काबू

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**
**सिरसा, 26 फरवरी।** रानियां थाना पुलिस ने कस्बा रानियां स्थित एक दुकान से हुई 3 लाख रुपए की नकदी चोरी के आरोपी एक युवक को काबू कर लिया है। रानियां थाना प्रभारी इंस्पेक्टर दिनेश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार किए गए युवक की पहचान सतपाल सिंह उर्फ बिटू पुत्र हरवंश सिंह निवासी भडोल्यांवाली जिला सिरसा के रुप में हुई है। उन्होंने बताया कि नितिन कुमार पुत्र कैलाश नाथ निवासी वार्ड नंबर 4 रानियां ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि जीवन नगर रोड रानियां क्षेत्र में उसकी खल फीड एंव पशु आहार की दुकान है। बीती 4 फरवरी को थोड़ी देर के लिए दुकान के पीछे गया था। इसी दौरान कोई अज्ञात युवक दुकान के गल्ले से 3 लाख रुपए चोरी कर ले गया। उन्होंने बताया कि शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ रानियां थाना में चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। उन्होंने बताया कि रानियां थाना की पुलिस टीम ने जांच के दौरान आरोपी को रानियां क्षेत्र से काबू कर लिया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए युवक की निशानदेही पर चोरीशुदा संपति बरामद कर ली गई है।

संपादक की कलम से

## क्रांतिकारी समाज सुधारक स्वामी दयानंद सरस्वती

स्वामी दयानंद उन्नीसवीं शताब्दी के एक क्रांतिकारी एवं प्रखर बुद्धि के समाज सुधारक थे। जन्म आधारित वर्ण व्यवस्था को वेद-विरुद्ध समझकर उन्होंने समाज को वेदों की सच्चाई बताई। जाति प्रथा एवं आडम्बरों का विरोध किया। उनके खिलाफ सामाजिक न्याय की लड़ाई प्रारंभ की। इस तरह भारतीय समाज को न्याय का मार्ग दिखाकर भारतीय राष्ट्रवाद की अवधारणा को प्रस्थापित किया। एक भाषा, एक देश व स्वराज के बीज बोये।

स्वामी दयानंद ने भारतीय संस्कृति और नवयुवकों को नव जागरण के लिए प्रेरित किया तो वह शुद्ध स्वदेशी प्रेरणा थी तथा उनकी स्वयं की अन्तःप्रज्ञा का परिणाम थी। वे पश्चिमी बौद्धिकतावादी विचारकों से न तो प्रभावित हुए और न ही उनका अनुगमन किया। वे तो अपनी बाल्यावस्था से ही एक तार्किक सन्यासी के समान चिन्तन करते थे। बिना किसी स्कूल व कॉलेज में विधिवत शिक्षा लिए उन्होंने विद्वान साधु-संन्यासियों से तर्क-वितर्क और धार्मिक ग्रंथों की बौद्धिक विवेचना करना प्रारंभ किया था।

उन्होंने व्रत धारण किया था कि संस्कृत भाषा में ही भाषण देना और वातालाॅप करेंगें। बाद में वे हिन्दी भाषा में जन सामान्य से संपर्क करने लगे। अतः यह उनकी शुद्ध आत्ममंथन की सृजनात्मक व सकारात्मक प्रवृत्ति थी, जिसने उनको भारतीय नव जागरण के लिए प्रेरित किया। उन्होंने भारतीय समाज को अंधी आस्था की खाई से निकालकर शुद्ध वातावरण में लाने का प्रयास किया। उन्होंने जड़प्रज्ञ अंध समाज को जगाने और बुद्धिवादी अनुभव परख स्वस्थ परंपराओं से जोड़ने का प्रयास किया, जिसकी आज भी जरूरत है। उनके प्रयासों से बुद्धि की उपासना की सर्वश्रेष्ठ प्रार्थना जो स्त्री-शूद्र सहित समाज के विभिन्न वर्गों के लिए वर्जित थी, सबको उपलब्ध हो सकी। इसका ही परिणाम है कि आज विद्या व बुद्धि की प्रेरक मां गायत्री की प्रार्थना हर स्थान पर हर कोई करके अपनी प्रज्ञा शक्ति को बढ़ा रहा है।

उन्होंने सभी धर्मों में अंधविश्वासों का खण्डन किया। उदारता को राष्ट्रवाद की विस्तृत अवधारणा दी, जिसमें धर्म व जाति नहीं इंसान व बुद्धि की सच्ची भावना थी।

आज दयानंद को याद किया जाता है। उन्हें भारतीय नव जागरण का अग्रदूत व स्वाधीनता व स्वदेशी का मूर्त रूप समझा जाता है, परंतु उनके अनुयायी सामाजिक बदलाव व बुद्धिवादी विचार से कुरीतियों व अंधविश्वास से लड़ना भूल रहे हैं। स्वामी दयानंद ने कुंभ के मेले में हरिद्वार में एकत्रित अंधविश्वासियों के विचारों का खण्डन कर काशी के विद्वानों से शास्त्रार्थ करके उदार राष्ट्रीयवाद का मार्ग बतलाया, जिसमें न हिंदू न मुसलमान और न ईसाई का भेद था। भेद था तो आडम्बरों का। इन आडम्बरों का उन्होंने बुद्धिवाद से खण्डन किया।

आज दुर्भाग्य है कि देश के अनेक राजनेता अपना राजनैतिक प्रभाव बढ़ाने के लिए जातिवाद का सहारा ले रहे हैं। दयानंद ने बुद्धिवाद के सहारे जातिगत सम्मेलनों व उत्सवों तक का विरोध किया था। आज दयानंद जी की जरूरत है क्योंकि भारत में पहले जो आडम्बरयुक्त जातीय घृणा थी,उसे कतिपय राजनीतिक नेताओं द्वारा अपने स्वार्थ के लिए और अधिक प्रश्रय दिया जा रहा है।

## कर्नाटक से कलिंग तक शिक्षा के मंदिरों में बढ़ती अमानवीय घटनाएं*

**(मनोज कुमार अग्रवाल-विनायक फीचर्स)**

दुनिया भर के विभिन्न हिस्सों में उच्च शिक्षा संस्थानों के केम्पस से लगातार सहपाठी छात्र छात्राओं के साथ अमानवीयता भरा दुर्व्यवहार करने के समाचार आते रहते हैं। हमारे देश में भी इसी तरह की घटनाएं हो रही हैं। इनका सबसे दुखद पहलू यह है कि कई मामलों में पीड़ित छात्र छात्रा उत्पीड़न से तंग आकर सुसाइड जैसे कदम उठा रहे हैं। यह बेहद चिंताजनक और शर्मनाक विषय है। सवाल उठता है कि यह सब क्यों हो रहा है? नौजवान बच्चे उत्पीड़न और दुर्व्यवहार की हदें पार क्यों कर रहे हैं? ताजा मामलों में ओडिशा के भुवनेश्वर में कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी के हॉस्टल में एक नेपाली छात्रा का शव बरामद हुआ। आरोप लगाया गया है कि छात्रा को आत्महत्या के लिए मजबूर किया गया। इस मामले में अबतक 6 लोगों की गिरफ्तारी हुई है। छात्रा के बैचमेट छात्र के साथ ही केआइआइटी के तीन डायरेक्टर और दो सिक्योरिटी गार्ड्स को अरेस्ट किया गया। वहीं एक अन्य घटना कर्नाटक के एक मेडिकल कॉलेज में कश्मीरी छात्र के साथ मारपीट और रैगिंग की सामने आयी है। अनंतनाग जम्मू-कश्मीर के रहने वाले सेकेंड ईयर के छात्र हमीम के साथ अल-अमीन मेडिकल,विजयपुरा में क्रिकेट मैच के दौरान यह घटना घटी। सीनियर छात्रों ने हमीम को रैगिंग का शिकार बनाया, उसे धमकाया और मारा-पीटा। उन्होंने उसे जबरन माफी मांगने का वीडियो भी रिकॉर्ड करवाया। जम्मू-कश्मीर छात्र संघ ने इस घटना की निंदा की है और कर्नाटक के मुख्यमंत्री से इस मामले में हस्तक्षेप करने की अपील की है।यह दो मामले तो नमूना भर हैं आए दिन हमारे कालेज केम्पसों से इस तरह की खबरें आ रहीं हैं।

नेपाली छात्रा से जुड़े मामले की जांच के लिए ओडिशा सरकार ने गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव, महिला एवं बाल विकास विभाग के प्रमुख सचिव और उच्च शिक्षा विभाग के आयुक्त-सह-सचिव वाली हाई लेवल फैक्ट फाइंडिंग कमेटी का गठन किया है।

दरअसल, 16 फरवरी की शाम बी-टेक थर्ड ईयर की स्टूडेंट प्रकृति लामसाल का शव कॉलेज के हॉस्टल में मिला था। कहा गया कि उसने आत्महत्या की है। छात्रा की मौत पर कॉलेज के अन्य छात्रों ने यूनिवर्सिटी प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया।

छात्रों ने आरोप लगाया कि प्रकृति के बैच का ही एक छात्र उसे प्रताड़ित कर रहा था। दावा है कि छात्र लड़की का बॉयफ्रेंड था। स्टूडेंट्स का कहना है कि शिकायतों के बाद भी यूनिवर्सिटी ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई नहीं की। छात्रों ने यह आरोप भी लगाया कि यूनिवर्सिटी ने मामले को दबाने की कोशिश भी की।

मीडिया पर वायरल एक वीडियो में दावा किया गया है कि कालेज की दो टीचर्स ने नेपाली छात्रों से बहस की। एक टीचर ने कहा कि हमारा कॉलेज 40 हजार लोगों को फ्री में बैठा के पढ़ा-खिला रहा है। दूसरी ने कहा कि इतना तुम्हारे देश का बजट नहीं होगा।

वहीं, सोशल मीडिया पर यूनिवर्सिटी के नेपाली छात्रों के हवाले से दावा किया जा रहा है कि लड़की का मर्डर किया गया था। एक एक्स पोस्ट में शेयर किए गए वॉट्सऐप चैट के स्क्रीनशॉट के मुताबिक, आरोपी लड़के ने यूनिवर्सिटी की सेंट्रल लाइब्रेरी में लड़की को मोलेस्ट किया, जिसकी वजह से उसकी मौत हो गई। इसके बाद यूनिवर्सिटी प्रशासन ने उसके शव को ले जाकर उसके हॉस्टल के कमरे में रख दिया जिससे ये सुसाइड दिखे।

इसके अलावा एक वीडियो में दावा किया गया है कि यूनिवर्सिटी ने करीब 800 छात्रों को ऑडिटोरियम में बैठाया और उनके फोन जब्त किए, ताकि वे इस मामले को लेकर किसी से बात न कर सकें।

इस घटना के बाद यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाले नेपाल के छात्रों ने कॉलेज प्रशासन पर मामले को दबाने का आरोप लगाया। स्टूडेंट्स ने कहा कि हम यूनिवर्सिटी के इंटरनेशनल ऑफिस गए और रात भर धरने पर बैठे रहे। इसके अगले दिन हमें हॉस्टल से बाहर निकाल दिया गया।

एक छात्र ने बताया कि हम लोग प्रदर्शन कर रहे थे। यूनिवर्सिटी स्टाफ आए और हॉस्टल खाली करने को कहा। जो लोग जल्दी सामान पैक नहीं कर रहे थे, उन्हें मारा गया। हमें जबरन हॉस्टल खाली करने पर मजबूर कर दिया गया। दो बसों में भरकर हमें कटक रेलवे स्टेशन पर उतार दिया गया।

ओडिशा के भुवनेश्वर में कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी के हॉस्टल में नेपाली छात्रा के मामले में अबतक छह लोगों की गिरफ्तारी हुई है। छात्रा के बैचमेट भारतीय छात्र की गिरफ्तारी के बाद कलिंगा इंस्टीट्यूट के तीन डायरेक्टर और दो सिक्योरिटी गार्ड्स

# शांति की संस्कृति एवं समझ को विकसित करने जरूरत

**-ः ललित गर्गः-**



एक शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण समाज के निर्माण, विविध संस्कृतियों, धर्मों और क्षेत्रों के बीच सद्भाव, करुणा और सहयोग की स्थायी भावना की अपेक्षा को आकार देने के लिये हर वर्ष विश्व शांति एवं समझ दिवस 23 फरवरी को विश्व स्तर पर मनाया जाता है। यह अवसर मानवीय सेवा, शांति और सद्भावना के प्रतीक रोटरी इंटरनेशनल की संस्थापक बैठक से जुड़ा है, जो एक अधिक समावेशी और शांतिपूर्ण दुनिया को बढ़ावा देने के लिए दुनिया में सामूहिक जिम्मेदारी का एक मार्मिक अनुस्मारक एवं महा अनुष्ठान है। साल 2025 में इस दिवस का उद्देश्य दुनियाभर में शांति और समझ को बढ़ावा देते हुए शांति की संस्कृति का विकास करना है। यह विषय एक ऐसी दुनिया की दिशा में सक्रिय रूप से काम करने के महत्व पर जोर देता है जहाँ शांति की समझ केवल एक आकांक्षा नहीं बल्कि हमारे दैनिक जीवन, व्यवहार और बातचीत का एक हिस्सा हो। यह दुनिया में संघर्ष को रोकने के लिए विभिन्न संस्कृतियों और दृष्टिकोणों के लिए सहानुभूति और सम्मान को सक्रिय रूप से बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित करता है एवं शांति की संस्कृति को विकसित करने के लिए व्यक्तियों, समुदायों और राष्ट्रों से सामूहिक प्रयास की आवश्यकता को उजागर करता है। दुनिया में प्रेम-भाईचारा और शांति को बनाए रखना एवं हिंसारहित दुनिया निर्मित करना भी इस दिवस का ध्येय है।

रोटरी इंटरनेशनल की यात्रा 1905 में पॉल पी. हैरिस के साथ शुरू हुई, जिन्होंने राजनीति और धर्म की सीमाओं से परे विभिन्न पृष्ठभूमि के पेशेवरों को शामिल करते हुए एक भाईचारे एवं बंधुत्व भावना की कल्पना की थी। यह दृष्टिकोण पहले रोटरी क्लब में साकार हुआ, जिसे आधिकारिक तौर पर 1908 में शामिल किया गया था, जिससे एक ऐसे आंदोलन की शुरूआत हुई जिसने अंततः एक वैश्विक आयाम ग्रहण किया। पहले प्रमुख अमेरिकी शहरों और बाद में दुनियाभर में रोटरी क्लबों की स्थापना ने 1925 तक रोटरी इंटरनेशनल के रूप में प्रतिष्ठा प्राप्त की, आज, 200 से अधिक देशों और भौगोलिक क्षेत्रों में फैले 46,000 से अधिक क्लबों में 1.4 मिलियन से अधिक सदस्यों के साथ, रोटरी इंटरनेशनल मानवीय सेवा में वैश्विक एकजुटता का प्रतीक है।

आज जबकि पूरी दुनिया युद्ध, हिंसा, आतंक एवं क्रूरता से त्रस्त है, इन जटिल एवं विषम परिस्थितियों में दुनिया में शांति की समझ पैदा करना पूरी मानव जाति का कर्तव्य है। समाज में समझ से ही शांति स्थापित की जा सकती है। इसके लिए सामूहिक प्रयास करने की आवशतकता है। इसके विपरीत यदि, पूरी दुनिया के लोग एक दूसरे को घृणा, द्वेष और नफरत की दृष्टि से देखेंगे तो उसका परिणाम युद्ध औ? विनाश के रूप में सामने आएगा। संघर्ष, अविश्वास, गलतफहमी और विद्रोह समाज को बांटता है और उसे एक अन्नत संघर्ष की खाई में धकेल देता है। अविश्वास, अहंकार एवं महत्वाकांक्षाएं समाज को गलतफहमी, विद्रोह, लड़ाई और संघर्ष की ओर ले जाती है। इसलिए समाज में विश्वास और शांति स्थापित करने के लिए सभी मनुष्यों को एक दूसरे के साथ कंधे से कंधा मिलाकर सहयोगी के रूप में कार्य करना होगा। यह दिवस दुनिया की सबसे गंभीर चुनौतियों से निपटने में सामूहिक कार्रवाई की शक्ति की याद दिलाता है। यह हमें अपने मतभेदों से परे देखने और सभी के लिए शांति, समृद्धि और कल्याण के सामान्य लक्ष्यों की दिशा में मिलकर काम करने के लिए प्रोत्साहित करता है। सामुदायिक सेवा, अंतर्राष्ट्रीय सहयोग और नैतिक मानकों को बढ़ावा देने के माध्यम से, विश्व शांति और समझ दिवस स्थायी शांति प्राप्त करने में सद्भावना के महत्व को रेखांकित करता है।

मनुष्य, पशु, पक्षी, कीड़े, मकोड़े आदि सभी जीना चाहते हैं। कोई मरने की इच्छा नहीं रखता। जब कोई मृत्यु चाहता ही नहीं, तो उस पर उसको थोपना कहां का न्याय है। शांति, सहजीवन एवं अहिंसा में विश्वास रखने वाले लोग किसी प्राणी को सताते नहीं, मारते नहीं, मर्माहत करते नहीं, बल्कि एक दूसरे का सहयोग करते हुए एक उन्नत दुनिया का निर्माण करते हैं। शांति की समझ है स्वयं के साथ सम्पूर्ण मानवता को ऊपर उठाने में, आत्मपतन से बचने में और उससे किसी को बचाने में। अशांति अंधेरा है और शांति उजाला है।

आंखें बंद करके अंधेरे को नहीं देखा जा सकता। इसी प्रकार अशांति से शांति को नहीं देखा जा सकता। शांति को देखने के लिए आंखों में अहिंसा, करूणा एवं प्रेम का उजाला आंजने की अपेक्षा है। पृथ्वी, आकाश व सागर सभी अशांत हैं। स्वार्थ और घृणा ने मानव समाज को विखंडित कर दिया है। यूँ तो ह्यविश्व शांतिह्ल का संदेश हर युग और हर दौर में दिया गया है, लेकिन विश्व युद्ध की संभावनाओं के बीच इसकी आज अधिक प्रासंगिकता है। अपनों का साथ स्वर्ग है तो शत्रुओं का साथ नरक। प्रेम व मित्रता की ओर बढ़ना, स्वर्ग की ओर बढ़ना है। वैर व घृणा की ओर कदम बढ़ाना अपने नरक को खड़ा करना है। स्वर्ग में रहना है या फिर नरक में, ये चुनाव हमारा अपना है। लेकिन इस दृष्टि से यह विश्व शांति और समझ दिवस अधिक प्रासंगिक है और हमारी शांति की समझ को व्यापक बनाता है।

इजराइल और हमास में युद्ध विराम समझौते के बाद दुनिया चाहती है कि रूस एवं यूक्रेन के बीच लम्बे समय से चल रहा युद्ध भी समाप्त हो, यह शांतिपूर्ण उन्नत विश्व संरचना के लिये नितांत अपेक्षित है। क्योंकि ऐसे युद्धों से युद्धरत देश ही नहीं, समूची दुनिया पीड़ित, परेशान एवं प्रभावित होती है। इस तरह युद्धरत बने रहना खुद में एक असाधारण और अति-संवेदनशील मामला है, जो समूची दुनिया को विनाश एवं विध्वंस की ओर धकेलने देता है। ऐसे युद्धों में वैसे तो जीत किसी की भी नहीं होती, फिर भी इन युद्धों का होना विजेता एवं विजित दोनों ही राष्ट्रों को सदियों तक पीछे धकेल देता, इससे भौतिक हानि के अतिरिक्त मानवता के अपाहिज और विकलांग होने के साथ बड़ी जनहानि का भी बड़ा कारण बनता है। इसी तरह अनेक राष्ट्र आतंकवाद से त्रस्त है। इन विकट एवं विकराल होती स्थितियों के बीच इस साल विश्व शांति और समझ दिवस की 118वीं वर्षगांठ मनाई जा रही है। इन वर्षों के दौरान पूरी दुनिया ने विश्व शांति और सद्भावना को लेकर लंबा रास्ता तया किया है। वहीं दुनिया भर के लोगों में सद्भावना, शांति और समझ विकसित करने के लिए अभी और लंबा रास्ता तय करना है। रोटरी क्लब अपने सदस्यों को, स्थानीय क्लबों के स्तर पर किए गए कार्यों से, स्थानीय और विश्व समुदाय की सेवा करने का अवसर प्रदान करता है। इसका ध्येय है- सत्य, न्याय, लोगों के बीच संबंधों में सुधार और विश्व शांति। उम्मीद है कि इसका नतीजा युद्धों के अंत के रूप में सामने आएगा।

आज कई लोगों का मानना है कि विश्व शांति को सबसे बड़ा खतरा साम्राज्यवादी आर्थिक और राजनीतिक कुचेष्टाओं से है। विकसित देश युद्ध की स्थिति उत्पन्न करते हैं, ताकि उनके सैन्य साजो-समान बिक सकें। यह एक ऐसा कड़वा सच है, जिससे कोई इंकार नहीं कर सकता। आज सैन्य साजो-सामान उद्योग विश्व में बड़े उद्योग के तौर पर उभरा है। हिंसा, आतंक एवं अशांति विश्व की ज्वलन्त समस्याएं हैं।

अहिंसा, करूणा एवं शांति ही इन समस्याओं का समाधान है। अहिंसा सव्वभूयखेमंकरी-विश्व के समस्त प्राणियों का कल्याण करने वाली तेजोमयी अहिंसा की ज्योति पर जो राख आ गई, उसे दूर करने के लिए तथा अहिंसा की शक्ति पर लगे जंग को उतार कर उसकी धार को तेज करने के लिए अहिंसक एवं शांतिपूर्ण समाज रचना की जरूरत है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दुनिया में विश्वशांति एवं अहिंसा की स्थापना के लिये प्रयत्नशील है, समूची दुनिया भारत की ओर आशाभरी नजरों से देख रही है कि एक बार फिर शांति एवं अहिंसा का उजाला भारत करें। कुछ लोग कह सकते है-एक दिन विश्व शांति और समझ दिवस मना भी लिया तो क्या हुआ? लेकिन ऐसे दिवस की बहुत सार्थकता है, उपयोगिता है, इससे अंतर-वृत्तियां उद्बुद्ध होंगी, अंतरमन से शांति की समझ को अपनाने की आवाज उठेगी और हिंसा, अशांति, तनाव एवं में लिप्त मानवीय वृत्तियों में शांति की समझ आएगी।

## चुनाव आयोग के साथ विपक्ष के समीकरणों में तनाव बोया गया

**- के रवींद्रन**

ऐसी नियुक्तियों में गोपनीयता का तर्क संस्थाओं की पवित्रता बनाये रखने की आवश्यकता में निहित है। एक बार जब चयन प्रक्रिया सार्वजनिक विवाद से दूषित हो जाती है, तो नियुक्त व्यक्ति को अपनी वास्तविक योग्यता या ईमानदारी की परवाह किए बिना संदेह के बादल के नीचे रहकर ही काम करना पड़ता है।

नये मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) की नियुक्ति के इर्द-गिर्द विवादास्पद परिस्थितियों ने कांग्रेस पार्टी और चुनाव आयोग के बीच अविश्वास की भावना को जन्म दिया है। इससे मुश्किल और तनावपूर्ण संबंधों वाली परिस्थिति बन गयी है। तनाव पहले से भी था जो तब और बढ़ गया जब राहुल गांधी ने सार्वजनिक रूप से अपनी असहमति व्यक्त की, जिससे इस अविश्वास को संस्थागत रूप मिला। हालांकि उन्होंने नियुक्त व्यक्ति पर सीधे व्यक्तिगत हमले करने से परहेज किया, लेकिन चयन प्रक्रिया के बारे में उनकी चिंताओं ने एक अपरिहार्य दरार पैदा कर दी है। एक प्रमुख राजनीतिक दल और स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए जिम्मेदार एक संस्था के बीच ऐसा सम्बंध लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं और जनता के विश्वास को कमजोर करने का खतरा पेश करता है।

राजनीतिक दलों और चुनाव आयोग के बीच अविश्वास कोई नयी बात नहीं है, लेकिन मौजूदा परिदृश्य विशेष रूप से अनिश्चित स्थिति प्रस्तुत करता है। इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में हेरफेर की संभावना के बारे में लंबे समय से चली आ रही चिंताओं को देखते हुए, सीईसी की नियुक्ति में पक्षपात की कोई भी धारणा केवल संदेह को और बढ़ाती है। विपक्ष का यह तर्क कि ईवीएम का दुरुपयोग किया जा सकता है, पहले से ही एक गहरी ध्रुवीकृत बहस को जन्म दे चुका है, जिसमें चुनावी प्रक्रिया पर आरोप-प्रत्यारोप का असर हो रहा है। नये सीईसी, जिनकी नियुक्ति पर ही सवाल उठाये गये हैं, अब खुद को ऐसी स्थिति में पाते हैं, जहां उन्हें न केवल निष्पक्षता सुनिश्चित करनी है, बल्कि अपनी निष्पक्षता के बारे में संदेह करने वालों को भी आश्वस्त करना है। यह एक ऐसा बोझ है, जिसे टाला जा सकता था, अगर चयन प्रक्रिया अधिक पारदर्शी होती या इस तरह से संचालित की जाती कि राजनीतिक पैंतरेबाजी के आरोपों की कोई गुंजाइश न होती।

विवाद से उत्पन्न होने वाली प्राथमिक चिंताओं में से एक यह है कि चयन समिति के विचार-विमर्श को सार्वजनिक करने का तरीका क्या है। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम के विपरीत, जो अपनी आंतरिक चचाओं के बारे में सख्त गोपनीयता बनाये रखता है, सीईसी की नियुक्ति की प्रक्रिया इस तरह से की गयी कि असहमति को सार्वजनिक होने दिया गया। सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट रूप से निर्णय दिया है कि निर्णय लेने की प्रक्रिया की अखंडता को बनाये रखने के लिए कॉलेजियम के विचार-विमर्श को गोपनीय रखा जाना चाहिए। यह सिद्धांत सुनिश्चित करता है कि मतभेद सार्वजनिक विवादों में न बदल जाएं जो अंतिम निर्णय की वैधता को कमजोर कर सकते हैं। यदि इस मामले में भी यही विवेक लागू किया गया होता, तो खंडित निर्णय लेने की प्रक्रिया की सार्वजनिक धारणा से बचा जा सकता था, और चुनाव आयोग को नियुक्ति के बाद होने वाली विश्वसनीयता के तत्काल नुकसान से बचाया जा सकता था।

ऐसी नियुक्तियों में गोपनीयता का तर्क संस्थाओं की पवित्रता बनाये रखने की आवश्यकता में निहित है। एक बार जब चयन प्रक्रिया सार्वजनिक विवाद से दूषित हो जाती है, तो नियुक्त व्यक्ति को अपनी वास्तविक योग्यता या ईमानदारी की परवाह किए बिना संदेह के बादल के नीचे रहकर ही काम करना पड़ता है।

## विकसित हो भीड़ नियंत्रण का प्रभावी तंत्र

**रमेश सर्राफ धमोरा**



देश में हम आए दिन भीड़ में भगदड़ मचने से कई लोगों के मरने की खबरें पढ़ते रहते हैं। हाल ही में महाकुंभ स्नान के दौरान प्रयागराज में भीड़ में भगदड़ के चलते 37 लोगों को जान गंवानी पड़ी थी। इस घटना के कुछ दिनों बाद ही नईदिल्ली रेलवे स्टेशन पर महाकुंभ जाने वालों की भीड़ में अचानक भगदड़ मचने से 18 लोगों की मौत हो गई थी। यह दोनों ही दुर्घटना बहुत दुर्भाग्यपूर्ण व दुखद है।

देश में भगदड़ में मरने वालों की सूची बहुत लंबी है। सभी को पता है कि जहां बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ एकत्रित होगी वहां कभी भी भगदड़ मचने की स्थिति पैदा हो सकती है। मगर अभी तक ऐसी कोई व्यवस्था नहीं बन पाई है जिससे भगदड़ की स्थिति ही उत्पन्न नहीं होने पाए। सरकारी भी भगदड़ होने के बाद उसको रोकने के ढोल पीट कर कुछ समय बाद शांत बैठ जाती है। मगर ऐसा कोई स्थाई तंत्र विकसित नहीं किया जाता है। जिससे भगदड़ की स्थिति होने से पहले ही सुरक्षा कर्मियों को अलर्ट मिले और वह उन पर नियंत्रण कर सके।

भगदड़ भीड़ प्रबंधन की असफलता की स्थिति में पैदा हुई मानव निर्मित आपदा है। भगदड़ प्रायः भीड़ भरे इलाको में किसी अफवाह के कारण भी पैदा हो सकती है। इसके अलावा प्राकृतिक आपदाएं एवं प्रशासनिक अव्यवस्था के कारण भी यह आपदा पैदा होती है। इसमें संपत्ति से अधिक जान की क्षति होने की संभावना रहती है। भीड़ दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों के वैश्विक डेटाबेस के मुताबिक सन 2000 के बाद से भारत में 50 से ज्यादा विनाशकारी सामूहिक समारोहों में दो हजार से ज्यादा लोगों की जान चली गई है। इन दुर्घटना को देखते हुए प्रभावी भीड़ प्रबंधन तंत्र विकसित करने की बहुत जरूरत महसूस की जा रही है। खासकर कुंभ जैसे बड़े आयोजनों में इसकी काफी जरूरत महसूस होती है। भगदड़ बेहद खतरनाक और घातक स्थिति होती है। किसी भी जगह पर जब भीड़ उसकी क्षमता से अधिक हो जाती है और लोगों के पास निकलने का रास्ता नहीं होता है। भीड़ की वजह से लोगों को पैर रखने की जगह नहीं मिलती है। ऐसी स्थिति में किसी तरह की अफवाह या दुर्घटना होने पर भीड़ बेकाबू हो जाती है। इसे भीड़ में हलचल भी कहा जाता है। इसकी वजह से ही भगदड़ की स्थिति बनती है। इसी तरह भीड़ में हलचल का मतलब भीड़ का बेतरतीब तरीके से एक से ज्यादा दिशाओं में एक ही समय में आगे बढ़ना है। ऐसे में लोगों को चलने के लिए जगह कम होती है वो एक-दूसरे के बीच दब जाते हैं। जब लोग एक-दूसरे से बहुत नजदीक होते हैं तो ह्यफोर्सेज का ट्रांसमिशनह्ल यानी बल का संचरण हो सकता है। इस फोर्स ट्रांसमिशन को आपने भी कभी न कभी तब महसूस किया होगा जब आप एक बहुत भीड़-भाड़ वाली किसी लाइन में खड़े हुए होंगे। जब पीछे से अचानक धक्का लगता है तो व्यक्ति खुद भी उस धक्के को अपने से आगे खड़े व्यक्ति को ट्रांसफर कर देते हैं। ऐसे में अपना संतुलन बनाए रखना और अपने पैरों पर खड़े रहना लोगों के लिए बहुत मुश्किल हो जाता है।

ये पहली बार नहीं था जब किसी धार्मिक कार्यक्रम के दौरान भगदड़ मची हो। इसके पहले भी समय-समय पर भगदड़ मचने की खबरें सामने आती रही हैं। इन घटनाओं में कई लोगों की जान भी चली गई। 27 अगस्त 2003 महाराष्ट्र के नासिक जिले में कुंभ मेले में स्नान के दौरान भगदड़ मचने से 39 लोगों की मौत हो गई थी। 25 जनवरी 2005 को महाराष्ट्र के सतारा जिले में मंधारदेवी मंदिर में भगदड़ मच गई थी। जिसमें 340 से ज्यादा श्रद्धालु कुचले गए थे। 3 अगस्त 2008 हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले में नैना देवी मंदिर में मची भगदड़ में 162 लोगों की मौत हो गई थी। 30 सितंबर 2008 राजस्थान के जोधपुर शहर में चामुंडा देवी मंदिर में मची भगदड़ में लगभग 250 श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी। 4 मार्च 2010 को उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में कृपालु महाराज के राम जानकी मंदिर में भगदड़ में 63 लोगों की मौत हो गई थी.।14 जनवरी 2011 को केरल के इडुक्की जिले के पुलमेडु में सबरीमाला मंदिर में एक जीप की टक्कर से मची भगदड़ में 104 श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी। 8 नवंबर 2011 को हरिद्वार में गंगा नदी के किनारे हर की पौड़ी घाट पर मची भगदड़ में लगभग 20 लोगों की मौत हो गई थी। 19 नवंबर 2012 को पटना में गंगा नदी पर छठ पूजा के दौरान एक अस्थायी पुल के ढह जाने से भगदड़ मच गई थी जिसमें 20 लोगों की मौत हो गयी थी।

13 अक्टूबर 2013 मध्य प्रदेश के दतिया जिले में रतनगढ़ मंदिर के पास नवरात्रि के जश्न के दौरान भगदड़ मचने से 115 लोगों ने अपनी जान गंवाई थी। 3 अक्टूबर 2014 को दशहरे का जश्न समाप्त होने के तुरंत बाद पटना के गांधी मैदान में भगदड़ मच गई जिसमें 32 लोगों की मौत हो गई थी। 14 जुलाई 2015 को आंध्र प्रदेश के राजमुंदरी में पुष्करम उत्सव के पहले दिन गोदावरी नदी के तट पर भगदड़ मचने से 27 लोगों ने अपनी जान गंवा दी थी। 1 जनवरी 2022 को जम्मू-कश्मीर में माता वैष्णो देवी मंदिर में भगदड़ मचने से 12 लोगों की मौत हो गई थी। 31 मार्च 2023 को इंदौर शहर के एक मंदिर में रामनवमी के मौके पर एक प्राचीन बावड़ी के ऊपर बनी स्लैब के ढह जाने से 36 लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी थी।

इसी तरह रेलवे स्टेशनों पर भी भगदड़ के कारण कई बड़ी दुर्घटना हो चुकी है। 28 सितंबर 2002 को लखनऊ में बसपा की रैली से वापस घर लौटते समय ट्रेन की छत पर चढ़ने से चार लोगों की करंट लगने से मौत हो गई थी। 13 नवंबर 2004 को नई दिल्ली स्टेशन पर छठ पूजा के दौरान बिहार जाने वाले ट्रेन का प्लेटफार्म अचानक बदलने से दूसरे प्लेटफार्म पर जाने के लिए ओवरब्रिज पर मची भगदड़ में चार यात्रियों की मौत हुई थी। 03 अक्टूबर 2007 को मुगल सराय जंक्शन पर भगदड़ मचने के कारण 14 महिलाओं की मौत हो गई थी। 10 फरवरी 2013 को इलाहाबाद में कुंभ मेला के दौरान रेलवे जंक्शन पर भगदड़ मचने से 38 लोगों की मौत हो गई थी।

29 सितंबर 2017 के दिन मुंबई के एलफिंस्टन रेलवे स्टेशन में बने फुटओवर ब्रिज पर भगदड़ मचने के कारण 22 लोगों की मौत हुई थी।

हमारे देश में आए दिन जगह-जगह बड़े-बड़े धार्मिक, सामाजिक, राजनीतिक व अन्य कई प्रकार के आयोजन होते रहते हैं। जिनमें हजारों-लाखों लोग शामिल होते हैं। ऐसे ही कार्यक्रमों में जरा सी लापरवाही भगदड़ का कारण बन सकती है।

## सतलुज स्कूल को मिला स्कूल उत्कृष्टता पुरस्कार

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**

**शाहाबाद मारकंडा, 26 फरवरी।** स्कूल उत्कृष्टता पुरस्कार समारोह शनिवार को कुरुक्षेत्र स्थित एक निजी होटल में सम्पन्न हुआ, जिसमें स्कूली शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले कुरुक्षेत्र जिले के लगभग 80 स्कूलों को सम्मानित किया गया । जिसमें सतलुज वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय को भी सम्मानित किया गया ।इस उपलब्धि पर स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. आरएस घुम्मन ने कहा कि इसका श्रेय स्कूल प्रबंधन, शिक्षण स्टाफ, गैर शिक्षण स्टाफ, स्कूल के विद्यार्थियों और स्कूल से जुड़े हुए सभी व्यक्तियों को देना चाहता हूं जिन्होंने विद्यालय के विकास के लिए अपना योगदान दिया है।

## बिजली वितरण निगम कार्यालय में स्थित शिव मंदिर में भंडारा आज

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**

**महम, 26 फरवरी।** स्थानीय उत्तरी हरियाणा बिजली वितरण निगम कार्यालय के प्रांगण में स्थित शिव मंदिर में वीरवार को वार्षिक उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा। कार्यक्रम में निगम के अधीक्षक अभियंता मनिंदर सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। निगम के एसडीओ संजीत मुदगिल ने बताया कि अध्यक्षता कार्यकारी अभियंता सीमा नारा करेंगी। उत्सव में विशेष तौर से भंडारे का आयोजन किया गया है। सबसे पहले सुबह साढ़े 9 बजे हवन होगा। प्रसाद वितरण एवं भंडारा 12 बजे से आरंभ होगा। कार्यक्रम में शहर के लोगों को आमंत्रित किया गया है। फरीदाबाद के पूर्व कार्यकारी अभियंता एसके माथुर की विशेष तौर से मौजूदगी रहेगी। कार्यक्रम में निगम के कर्मचारी व अधिकारियों सहित अन्य गणमान्य शामिल होंगे।

## महाशिवरात्रि पर्व पर लक्ष्य ज्योतिष संस्थान चंडीगढ़ ने लगाया बारहवां विशाल भण्डारा



**हरियाणा वाटिका/प्रवीन कुमार**

**चंडीगढ़, 26 फरवरी।** लक्ष्य ज्योतिष संस्थान चंडीगढ़ की ओर से आज महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में सैकटर 29 में शिव भक्तों के लिए बारहवे भण्डारे का आयोजन किया गया। शिवाय अरोड़ा और नन्ही बालिका यशवी वालिया के नन्हे नन्हे हाथों से भंडारे का शुभारंभ किया गया। संस्थान के चेयरमैन ज्योतिषचार्य रोहित कुमार, प्रेजिडेंट पीयूष कुमार की देखरेख में इस भण्डारे का आयोजन किया गया था।

इस अवसर पर विख्यात समाजसेवी रविन्द्र सिंह बिल्ला और चंडीगढ़ व्यापार मंडल के चुनाव के प्रधान पद के उम्मीदवार अनिल वोहरा और व्यापारी अनिल महाजन जी विशेष रूप से उपस्थित हुए। सबने अपने आराध्य देव भगवान शिव की पूजा अर्चना और स्तुति कर आशीर्वाद लिया और समस्त मानव कल्याण की मंगल कामना की। ज्योतिषचार्य रोहित कुमार, प्रेजिडेंट पीयूष कुमार, रविन्द्र सिंह बिल्ला, अनिल वोहरा और अनिल महाजन सहित तम्मना वर्मा व अन्य लक्ष्य ज्योतिष संसथान के ज्योतिष विधार्थियों ने भण्डारे की सेवा में योगदान दिया।

## अंतर्राज्यीय बाइक चोर गिरोह का पदार्फाश, मुख्य सरगना सहित तीन काबू

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**

**सिरसा, 26 फरवरी।** जिला की एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ की पुलिस टीम ने जांच के दौरान अंतर्राज्यीय बाइक चोर गिरोह के तीन सदस्य को काबू किया है।

पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान पवन कुमार पुत्र राजेराम, सतपाल उर्फ पाली पुत्र नौरंग लाल निवासी गांव बकरियांवाली जिला सिरसा व मदन लाल पुत्र राजपाल निवासी ललाणा राजस्थान के रुप में हुई है। उन्होंने बताया कि आरोपियों से पूछताछ के दौरान बाइक चोरी की 16 वारदातों का खुलासा हुआ है। उन्होंने बताया कि गौरव अरोड़ा पुत्र केवल कृष्ण निवासी भारत नगर, कंगनपुर रोड़ सिरसा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि वह बीती 29 अक्तूबर 2023 को कीर्ति नगर की गली नंबर 6 में बाइक खड़ा कर किसी काम से चला गया था और आधे घंटे बाद आकर देखा तो बाइक को कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी करके ले गया। थाना शहर सिरसा में बाइक चोरी का अभियोग दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। पुलिस अधीक्षक ने बाइक चोरी की वारदातों को सुलझाने के लिए एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ प्रभारी उप निरीक्षक संदीप कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन कर जांच सौंपी थी। जांच के दौरान पुलिस टीम ने महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को कीर्ति नगर क्षेत्र से काबू कर लिया।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों से पूछताछ की गई तो आरोपियों ने शहर सिरसा व ऐलनाबाद के अलावा फतेहाबाद, राजस्थान के नोहर व गोगामेड़ी क्षेत्रों से बाइक चोरी की करीब 16 वारदातें करनी कबूल की है। उन्होंने बताया कि आरोपियों की निशानदेही पर चोरीशुदा 16 बाइक बरामद किए है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि गिरफ्तार किए गए तीनों आरोपियों को सिरसा अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

## शहिनशाह रूहानी सत्संग 2 मार्च को,डोर टू डोर चलाया प्रचार अभियान



**हरियाणा वाटिका/नंदकिशोर**

**रतिया, 26 फरवरी।** शहिनशाह रुहानी सत्संग दरबार खरकां के सौजन्य से अनाज मंडी रतिया में आगामी 2 मार्च को विशाल रुहानी सत्संग का आयोजन किया जा रहा है। वार्षिक सत्संग कार्यक्रम को लेकर आज सेवादारों द्वारा शहर भर में प्रचार अभियान चलाया गया। प्रचार अभियान में सैकड़ों सेवादारों ने भाग लेकर अपनी सेवा निभाई। सेवादारों ने बुढ़लाडा रोड,फतेहाबाद रोड,मंडी रोड,मेन बाजार,अनाज मंडी रोड सहित अनेक क्षेत्रों में डोर टू डोर पहुंचकर श्रद्धालुओं को सत्संग का निमंत्रण दिया। उक्त जानकारी देते हुए आयोजक कमेटी के सचिव भीरा राम,हंसराज,वकील नथवान,रुप सिंह हड़ौली,बलवीर सिंह आदि सदस्यों ने बताया कि शहिनशाह रुहानी सत्संग दरबार खरकां के मुखी श्री गुरु दाता शहिनशाह जी श्रद्धालुओं को परम सुखदायी प्रवचन सुनाकर निहाल करेंगे। उन्होंने कहा कि इस दिन गुरू का अटूट लंगर चलाया जाएगा। रुहानी सत्संग को लेकर प्रचार अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने क्षेत्रवासियों को 2 मार्च को ज्यादा से ज्यादा संख्या में अनाज मंडी रतिया में पहुंच कर श्री गुरु दाता शहिनशाह के अनमोल,परम सुखदायी प्रवचन श्रवण कर जीवन सफल बनाने का आह्वान किया।

# तदर्थ हरियाणा कमेटी कर रही नियमों व कानून की उल्लंघना : दीदार सिंह नलवी

### कहा : चीफ सैकेटरी को सेवा मुक्त करना व कर्मचारियों को निर्देश देना गैरकानूनी। शपथ ग्रहण किए बिना नव-निर्वाचित सदस्यों को कोई अधिकार नहीं : दादूवाल

**हरियाणा वाटिका/एकजोत**

**कुरुक्षेत्र, 26 फरवरी।** हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के हैड आफिस में बुधवार को नवनिर्वाचित मैंबरों की एक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रकाश सिंह साहूवाल ने की। बैठक में गत दिवस तदर्थ हरियाणा कमेटी की कार्यकारिणी समिति द्वारा चीफ सैकेटरी को सेवा मुक्त करने एवं कर्मचारियों को दिशा-निर्देश देने के मामले पर विचार विमर्श किया गया। बैठक के बाद जारी प्रेस नोट में अकाल पंथक मोर्चा से जत्थेदार बलदेव सिंह कैमपुर, दीदार सिंह नलवी व प्रकाश सिंह साहूवाल ने कहा कि हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी (तदर्थ) के प्रधान जत्थेदार भूपिंदर सिंह असंध, जत्थेदार बलजीत सिंह दादूवाल समेत 11 सदस्यीय कार्यकारिणी समिति केवल बतौर केयरटेकर सेवा निभा सकते है। इन पदाधिकारियों के पास न तो कार्यकारिणी समिति की बैठक का अधिकार है और न कोई कार्रवाई अथवा एजैंडा पास कर सकती है। इसके साथ ही चुनाव के उपरांत अब तदर्थ कमेटी के पास किसी को सेवामुक्त करने का अधिकार है और न ही किसी का तबादला करने का।



नवनिर्वाचित इन मैंबरो ने कहा कि चीफ सैकेटरी की नियुक्ति कार्यकारिणी समिति द्वारा दो साल के लिए की थी और अब उन्हें सेवामुक्त करने का अधिकार भी कार्यकारिणी समिति के पास ही है और चुनाव के बाद अब तक हरियाणा कमेटी के नवनिर्वाचित मैंबर साहिबान का हॉऊस ही पूरा नहीं हो सका। उन्होंने कहा कि चीफ सैकेटरी की सेवा पूरी तरह से चल रही हैं और उन्हें तदर्थ कमेटी द्वारा सेवामुक्त करना गैरकानूनी व गैर अधिकारिक है। उन्होंने बताया कि आज की बैठक में चीफ सैकेटरी की सेवा निरंतर जारी रखने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया है, जबकि तदर्थ कमेटी द्वारा कर्मचारियों को दिशा-निर्देष देने की निंदा की गई। दीदार सिंह नलवी ने कहा कि तदर्थ कमेटी की इस कार्रवाई के खिलाफ जिला उपायुक्त कुरुक्षेत्र को लिखित में शिकायत दी जाएगी और इसके साथ ही इसके खिलाफ गुरुद्वारा न्यायिक आयोग में केस भी दायर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि तदर्थ कमेटी द्वारा 28 फरवरी को बुलाई गई कार्यकारिणी समिति की बैठक भी गैर कानूनी है, जिसके बारे में प्रशासन को सूचित किया जाएगा। इस बैठक में जत्थेदार बलदेव सिंह कैमपुर, प्रकाश सिंह साहूवाल, दीदार सिंह नलवी, इंदरजीत सिंह खोखर, बिंदर सिंह खालसा, कर्मजीत सिंह खालसा, सुखदेव सिंह, सुखजिंदर सिंह मसाना मौजूद रहे।

**शपथ ग्रहण किए बिना निर्वाचित सदस्यों को कोई अधिकार नहीं : दादूवाल**

एचएसजीएमसी धर्म प्रचार कमेटी के अध्यक्ष जत्थेदार बलजीत सिंह दादूवाल ने इस बारे में पूछे जाने पर बताया कि नवनिर्वाचित सदस्यों का जब तक शपथ ग्रहण नहीं हो जाता, तब तक उन्हें कोई निर्देश देने अथवा दखलअंदाजी करने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने पुष्टि की कि प्रधान भूपिंदर सिंह असंध ने मंगलवार को चीफ सेक्रेटरी को हटाने के आदेश आर्डर बुक में किए थे। चीफ सेक्रेटरी को क्यों हटाया गया, इस बारे उन्होंने कहा कि यह कार्यकारिणी का निर्णय नहीं, बल्कि प्रधान का है। इस बारे वे ही बता सकते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि करीब 6 मास पूर्व हुई जनरल हाऊस की बैठक में कार्यकारिणी को सभी अहम फैसले लेने के विशेष अधिकार दिए गए थे और कार्यकारिणी ने प्रधान भूपिन्द्र सिंह असंध को भी सभी फैसले लेने के विशेष अधिकार दिए थे।

**क्या कहते हैं प्रधान :**

एचएसजीएमसी के प्रधान भूपिंद्र सिंह असंध से उनका पक्ष लेने के लिए जब मोबाइल फोन पर संपर्क किया गया, तो उन्होंने काल रिसीव नहीं की और न ही वापस फोन किया।

# लंबी जांच पड़ताल, 60 घंटे से अधिक समय की पूछताछ व नेटवर्क जानकारी जुटा लौटी ईडी की टीम

### सहरयारपुर गांव में किसान सोमवीर के घर ईडी की टीम का छापा

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**

**बहल, 26 फरवरी।** सहरयारपुर गांव में किसान सोमवीर के घर प्रवर्तन निदेशालय (एनफोर्समेंट डायरेक्टरेट) ईडी की रेड में लंबी जांच पड़ताल करने के बाद 60 घंटे से अधिक वक्त की पूछताछ व नेटवर्क जानकारी जुटा रैड टीम अपने मुख्यालय को लौट गई और रैड टीम अपने साथ सोमवीर के घर पर मिले लैपटाप सहित कुछ हिसाब किताब के कागजात तथा रेड टीम ईडी उसका मोबाइल हैंडसेट साथ ले गए हैं। प्राथमिक जानकारी के अनुसार सोमवीर की अनपढ़ता का फायदा उठाया गया है सोमवीर मिडिल क्लास तक पढ़ा लिखा है और इस बारे में कुछ नहीं जानता है। साबर ने क्रिप्टोकरंसी खरीदने के लिए गांव के साहूकारों से सूद पर करीब 20 लख रुपए उधार लगाकर इस गोरख धंधे में शामिल हुआ था। सोमवीर के अपने विश्वसूत्र के बताएं अनुसार उसके क्रिप्टोकरंसी अकाउंट में लगभग 18- 20 करोड डालर का कारोबार किया हुआ है और इसके तार अमेरिका सहित चरखी दादरी के अजीतपुरा वासी अपने रिश्तेदार, दिनोद भिवानी, फरीदाबाद में भी ईडी के एक साथ छापे रविवार को पड़ें थे और एक साथ ही टीम में अपना काम निपटाकर निकली। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवीर को छोड़कर टीम के खिलाफ मामले दर्ज कराए गए। फिलहाल सोमवीर पर ईडी ने कोई भी कानूनी कार्रवाई शुरू नहीं की है। रविवार से सहरयारपुर में क्रिप्टोकरेंसी के मामले से जुड़े सोमवीर के घर पर एड के छापे में अनेक महत्वपूर्ण दस्तावेज हाथ लगी है।

जिसमें सोमवीर के तीन लैपटाप बैंक अकाउंट शामिल है। वहीं मंगलवार देर सायं सोमवीर को तीन दिन बाद घर से बाहर निकला देखा गया है। आशंका यह भी लगाई जा रही है कि ईडी की रेड टीम सोमवीर के घर से कब्जे में लिए लैपटाप आदि से क्रिप्टोकरंसी व डालर करंसी एक्सचेंज तथा मनी लांड्रिंग की जांच करेगी। ईडी की रेड टीम एक साधारण किसान सोमवीर के करोड़ों रुपए के लेनदेन और उसके नेशनल व इंटरनेशनल कनेक्शन की जांच करेगी। खंड के छोटे से गांव सहरयारपुर के किसान सोमवीर के एक पुराने जर्जर मकान पर ईडी अधिकारियों की रेड टीम दस्तक और सीआईएसएफ की तैनाती आन लाइन करेंसी के लेनदेन का बिजनेस कर भारतीय राजस्व के हुए नुक्सान होने का पदार्फाश होने की आशंका जताई जा रही है और वह भी दिन रात करीब 60 घंटे तक किसान सोमवीर से पूछताछ और दूसरे लोगों से जुड़े उसके नेटवर्क कनेक्शन के बारे में पूछताछ की गई है। बात सामने यह भी आ रही है कि सोमवीर के बैंक खातों की भी ईडी टीम जांच कर रही है और खाते में करोड़ों रुपए जमा होने का अनुमान लगा जा रहा है। सहरयारपुर के किसान सोमवीर के घर पर ईडी की रेड ऐसे वक्त में पड़ी है जब इसके एक रिस्तेदारो के ठिकानों पर रेड चल रही है और टीम को रिस्तेदार से जुड़े इस बिजनेस कनेक्शन के बाद से इसको रडार पर ले जांच-पड़ताल शुरू की थी। इससे संबंध में ईडी टीम के अधिकारियों व सुरक्षा में तैनात सीआईएसएफ के जवानों ने किसी से बातचीत नहीं की और केवल यह कहते हुए सोमवीर के मकान को छोड़ा की जांच का विषय है जांच के बाद कुछ कह पाएंगे अभी कुछ नहीं। गांव वासियों का इस संबंध में बताना है कि मंगलवार को सोमवीर को उन्होंने देखा है और वह आम दिनों की तरह ही दिखाई दे रहा था उसके चेहरे पर कोई सिकन न थी। सोमवीर वैसे भी गांव के लोगों से पिछले दो वर्षों से कम ही मिलना जुलना रखता था और अपने मकान पर आने वाले लोगों से ही अधिक संबंध रखता था।

बात यह भी सामने आ रही है कि ईडी जांच का सामना कर रहे सोमवीर के बच्चे और परिवार के लोग खेत में बने नए मकान में रहते थे और सोमवीर का वहां अपेक्षाकृत बहुत कम आना जाना रख रहा था। गांव में लग्जरी गाड़ियों का आना-जाना पिछले करीब दो वर्षों से था और गाड़ियों में आने वाले लोगों पहले वे वह रुतबे को देखते हुए कहा जा सकता है कि वह कोई आम साधारण लोग नहीं हो सकते। लोगों का यह भी कहना है कि साबर के इस घर में गांव के ईक्का-दुका लोगों का ही कभी-कभार आना-जाना रहा है और उन्होंने ही कंप्यूटर पर लैपटाप सोमवीर के पास देखने की बात सामने आई है। हालांकि सोमवीर गांव के लोगों से कोई ईर्ष्या नहीं रखता है। लेकिन वह आने जाने वालों से मिलने में मस्त गुल रहता है। गांव क्षेत्र के लोग सहरयारपुर गांव में ईडी टीम की दस्तक को बड़े राजस्व घोटाला होने की आशंका जता रहे हैं और यह जांच का विषय है जांच के बाद ही इसका खुलासा हो सकेगा।

# दुल्हन की तरह सजे मंदिर, रही शिवरात्रि की धूम, श्रद्धालुओं की लगी लंबी लंबी कतारे

### हर हर महादेव के जयकारों से शिवमय हुआ शहर

**हरियाणा वाटिका/नंदकिशोर**

**रतिया, 26 फरवरी।** शहर में एक और जहाँ हर हर महादेव के जयकारों के साथ सुबह से ही कांवड़ियों का आगमन शुरू हुआ वहीं दूसरी और शहर के सभी मंदिरों में भगवान शिव का अभिषेक करने के लिए भक्तों की लंबी लंबी कतारे लग गयी। शहर के सभी मंदिरों में आज शिवरात्रि का महापर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया शहर के सभी मंदिरों को सुंदर सुंदर लड़ियों ,रंग बिरंगे गुबारों और फूलों से दुल्हन की तरह सजाया गया।भक्तों ने दूध,जल,भांग धतूरा व अन्य सामग्री चढ़ाकर महादेव को प्रसन्न किया और अपनी मनोकामनाएं मांगी पुराना बाजार स्थित प्राचीन शिवालय में भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिली प्राचीन मां शीतला मंदिर में भी भक्तों का खूब जमावड़ा रहा । प्राचीन हनुमान मंदिर में भी भक्तों का हजूम देखने को मिला।श्री कृष्ण गौशाला स्थित श्री राधा कृष्ण आश्रम में भक्तों ने महादेव को रिझाया,पुराना बाजार स्तिथ प्राचीन दुर्गा मंदिर में भी महादेव पर अभिषेक करने को लेकर भक्तों की लंबी लंबी कतारे लगी यहां महिला मंडल द्वारा भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह का भी आयोजन किया गया।श्री पीर मंदिर टोहाना रोड़ शिव मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा हवन यज्ञ का आयोजन किया गया श्री पीर मंदिर कमेटी के



सदस्य जनक राज गोयल ने जानकारी देते हुए बताया कि पीर मंदिर में सुबह से भगवान शिव का अभिषेक करने के लिए भक्तों का तांता लगा हुआ है इस शुभ अवसर पर एक हवन यज्ञ का आयोजन किया गया व भक्तों को प्रसाद बांटा गया और वहीं टिब्बा कॉलोनी स्थित श्री राम आश्रम शिव मंदिर को भी बहुत सुंदर तरीके से सजाया गया और सुबह से ही भक्तों की लंबी लंबी लाइनें लग गई। भक्तों के अंदर भारी उत्साह देखने को मिला हर हर महादेव के जयकारों से पूरा शहर शिवमय हो गया।श्री राम आश्रम शिव मंदिर कमेटी के सदस्य प्रवीण सिंगला ने जानकारी देते हुए बताया कि शिवरात्रि को कांवड़िये हरिद्वार से गंगाजल लाकर भगवान शिव का अभिषेक करते हैं जिसके लिए मंदिर में उचित व्यवस्था की गई है। शिवरात्रि के उपलक्ष्य में हर साल की तरह इस बार भी मंदिर में भगवान शिव का महा रुद्राभिषेक यज्ञ का आयोजन किया गया है और भगवान शिव के पार्थिव शिवलिंग का पूजन किया गया जिसमें काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया इस अवसर पर सुभाष सिंगला,विनोद बंसल, सतीश सिंगला, नरेश सिंगला,हरीश बंसल राजू करंडी शीतला माता मंदिर कमेटी के सदस्य दिनेश कुमार अशोक कुमार और पुरानी गौशाला शिव मंदिर कमेटी के प्रधान सोमनाथ गर्ग, विक्की गर्ग एडवोकेट,राजू जिंदल,दुर्गा दास और श्री कृष्ण गौशाला कमेटी प्रधान कृष्ण जिंदल, पुजारी केशव शास्त्री,नवीन शास्त्री, धीरज शास्त्री ,पवन शास्त्री ,सतीश शास्त्री,मान शास्त्री आदि काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

## टेंपो सुविधा से गांव की साफ सफाई में मिलेगी काफी मदद: रीना शर्मा

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**

**इस्माईलाबाद, 26 फरवरी।** ग्राम पंचायत जलबेहडा ने गांव के कूड़े कर्कट को घर-घर से उठाने के लिए टेंपो सुविधा मुहैया करवाई गई है। जानकारी देते हुए ग्राम सरपंच रीना शर्मा ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन को और अधिक मजबूत करने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत ने एक नया टेंपो खरीद की ग्राम की सफाई सुविधा में लगाया है। यह टेंपो गांव की प्रत्येक गली व घर जाकर कूड़ा कर्कट इकट्ठा करेगा। उन्होंने सभी ग्राम वासियों से सहयोग का आह्वान करते हुए कहा कि अपना कूड़ा कर्कट इधर उधर न फेंट कर एक जगह इकट्ठा कर कूड़ेदान में रखे ताकि टेंपो में डाल कर उसे गांव से दूर ले जाया जा सके। इस अवसर पर सरपंच पति राजेश शर्मा ने रिबन काट कर टेंपो सुविधा का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि गांव की सफाई व्यवस्था में ग्राम पंचायत की यह पहल काफी मददगार साबित होगी। उन्होंने ग्राम वासियों से सूखा व गीला कूड़ा अलग अलग रखने की भी मांग की। इस अवसर पर कृष्ण चंद शर्मा, पंचायत मेंबर सुशील शर्मा, अमित राणा, विकास राणा, मोहिंदर राणा, पन्ना पाल, रिंकू सिंह, महिपाल, राजकुमार, सफाई कर्मी बीरा राम, ऋषिपाल वाल्मीकि आदि मौजूद रहे।

## गुरु गोरख नाथ धाम में धूमधाम से मनाया महाशिवरात्रि का पर्व



**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**

**इस्माईलाबाद, 26 फरवरी।** शहर व क्षेत्र में महाशिवरात्रि का पर्व धूमधाम व श्रद्धापूर्वक मनाया गया। सुबह से ही श्रद्धालुओं ने स्नान कर शिवालयों में जाकर शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। इसी तरह गुरु गोरख नाथ धाम में भी महाशिवरात्रि का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मनमोहक झांकियों के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा को गुरु गोरख नाथ धाम के महंत तेजनाथ ने ज्योति प्रचंड कर रवाना किया। शोभायात्रा गुरु गोरख नाथ धाम से शुरू होकर बस स्टैंड, रोशनपुर रोड, जय गुरुदेव स्कूल रोड, काठगढ़ रोड से होते हुए पूरे नगर की परिक्रमा कर पुन गुरु धाम में पहुंची। शोभायात्रा को शहरवासियों द्वारा जगह जगह भव्य स्वागत किया गया। शोभायात्रा में महिलाओं ने भी कलश धारण कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर गुरु धाम में विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण कर भगवान भोले नाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। इसके अलावा शहर के शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक कर मनोकामना मांगी।

## श्रीदुर्गा देवी मन्दिर पिपली में मनाया महाशिवरात्रि महोत्सव




**हरियाणा वाटिका/एकजोत**

**कुरुक्षेत्र, 26 फरवरी।** श्रीदुर्गा देवी मन्दिर पिपली में महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में बुधवार को संकीर्तन का कार्यक्रम हुआ। श्री दुर्गा देवी मन्दिर पिपली के पीठाधीश और समर्थगुरु संघ हिमाचल के जोनल कॉर्डिनेटर आचार्य डॉ.सुरेश मिश्रा ने भक्तों को ध्यान मुद्रा का ज्ञान दिया। साथ ही मंगल प्रार्थना और ध्यान भक्तों को करवाया। श्री दुर्गा देवी मन्दिर पिपली के पुजारी पंडित राहुल मिश्रा ने वैदिक मंत्रों से पूजा अर्चना करवाई। भक्तों ने भगवान शिव के सुंदर भजन गाए गए और महाशिवरात्रि महोत्सव मनाया। समाजसेवी केवल कृष्ण छाबड़ा, भक्त सुशील तलवाड़, नरेश शर्मा, सुमित गोयल, सतपाल बंसल, सुमित्रा पाहवा, अनु पाहवा, निशा अरोड़ा, कोमल मेहरा, शिमला धीमान, आशा कवात्रा, पायल सैनी, पूनम तलवाड़ और ऊषा शर्मा आदि सम्पूर्ण भक्तों का प्रसाद वितरण और संकीर्तन कार्यक्रम में सराहनीय योगदान रहा। ट्विटर के माध्यम से समर्थगुरु धाम संस्थान के संस्थापक समर्थगुरु सिद्धार्थ औलिया जी ने बताया कि भगवान शिव से योग, तंत्र, ध्यान, अध्यात्म शुरू होता है। उन्हीं से गुरु-शिष्य परंपरा शुरू होती है।

## केयूके स्टार बनी केयू टी-20 प्रतियोगिता की चैम्पियन

**हरियाणा वाटिका/एकजोत**

**कुरुक्षेत्र, 26 फरवरी।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सीनियर सेकेंडरी मॉडल स्कूल के खेल मैदान में बुधवार को केयू गैर शिक्षक कर्मचारियों के तीसरे



अनौपचारिक टी-20 प्रतियोगिता के फाइनल मैच में केयूके स्टार ने एक बार फिर इतिहास रचते हुए दूसरी बार प्रतियोगिता के चैम्पियन का खिताब अपने नाम किया। मैच में टॉस जीतकर केयूके स्पार्टन ने पहले फील्डिंग करने का फैसला किया। केयूके स्टार ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 145 रन बनाए जिसमें जोनी वत्स ने 4 छक्के व 1 चौके के साथ सर्वाधिक 40 रन बनाए। वहीं स्पार्टन टीम की ओर से रामेश्वर दास, अंशुल शर्मा, सुशील यादव व कप्तान हरीश गैरोला ने 1-1 विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पिछली बार की चैम्पियन स्पार्टन टीम के ओपनर बल्लेबाज अंशुल शर्मा ने 7 चौके व 2 गगनचुंबी छक्के लगाकर सर्वाधिक 67 रन बनाए लेकिन दूसरे बल्लेबाज उनका ज्यादा साथ नहीं दे पाए और पूरी टीम 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 125 रन ही बना सकी। मैच में शमशेर चौहान व कप्तान अरविन्द शर्मा ने 2-2 विकेट तथा कपिल थापा व दीपक थापा ने 1-1 विकेट लिया। मैच में अंपायर की भूमिका अजय यादव व पवन शर्मा ने निभाई। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर बतौर मुख्यातिथि क्रिकेटर एवं कुवि के सहायक कुलसचिव विनोद वर्मा ने खेल गतिविधियों में सहयोग के लिए स्कूल के प्राचार्य डॉ. सुखविन्द्र सिंह का आभार जताते हुए कहा कि खेल से न केवल मानव मन बल्कि उसका तन भी स्वस्थ रहता है। उन्होंने सभी गैर-शिक्षक कर्मचारियों द्वारा अनुशासन एवं सद्भावना के साथ खेली गई प्रतियोगिता के लिए सभी की प्रशंसा करते हुए चैम्पियन टीम के कप्तान अरविन्द श्रीवास्तव व पूरी टीम को विजेता ट्रॉफी से सम्मानित किया। इसके साथ मैच में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए उपकप्तान शमशेर चौहान को मैन आफ द मैच का खिताब दिया गया। इस अवसर पर सभी खिलाड़ी मौजूद रहे।

## नरेश कमार जिम्नास्टिक कोच ने टोक्यो जापान में आयोजित इंटरनेशनल जजिज परीक्षा में लिया भाग

**हरियाणा वाटिका/एकजोत**

**कुरुक्षेत्र, 26 फरवरी।** नरेश कुमार टीजीटी शारीरिक शिक्षा जीएमएस अजराना खुर्द ने टोक्यो जापान में आयोजित एफआईजी आर्टिस्टिक जिमनास्टिक्स इंटरनेशनल जजिज परीक्षा में भाग लिया। इस अवधि के दौरान सभी प्रतिभागियों को जापान जिमनास्टिक्स ओलंपिक एसोसिएशन और हाई परफॉरमेंस स्पोर्ट्स नेशनल ट्रेनिंग सेंटर टोक्यो जापान का दौरा करने का अवसर भी मिला। जापान जिमनास्टिक्स ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया। तीनों परीक्षा विशेषज्ञों ने नए जिमनास्टिक्स कोड आफ पॉइंट्स में आवश्यक बदलावों के बारे में अच्छी तरह से समझाया व प्रतिभागियों को नए प्रकार के परीक्षा पैटर्न के बारे में भी मार्गदर्शन किया हैं। हम भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले केवल 5 जज हैं। महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, हरियाणा, गुजरात व मध्य प्रदेश से 1-1 जिम्नास्टिक कोच शामिल रहे।




## सीबीएसई के नए पाठ्यक्रम में पंजाबी भाषा को शामिल न करने पर जसविंदर खैहरा ने दर्ज कराया कड़ा विरोध

**हरियाणा वाटिका/एकजोत**

**कुरुक्षेत्र, 26 फरवरी।** सीबीएसई द्वारा 2026 के लिए घोषित नए विषय समूहों में पंजाबी भाषा को शामिल न करने के फैसले के खिलाफ जसविंदर खैहरा ने कड़ा विरोध दर्ज कराया है। उन्होंने इस निर्णय को भाषाई भेदभाव और शिक्षा के अधिकार का उल्लंघन करार देते हुए इसे तुरंत वापस लेने की मांग की है। सीबीएसई की नई सूची में शामिल भाषाओं में भेदभाव द्वारा जारी किए गए नए विषय समूहों में संस्कृत, बंगाली, तमिल, मराठी, गुजराती, उर्दू, तेलुगु-तेलंगाना, जर्मन, फ्रेंच, स्पेनिश और अन्य विदेशी भाषाओं को स्थान दिया गया है, लेकिन पंजाबी भाषा का उल्लेख नहीं किया गया। जसविंदर खैहरा ने इस पर गहरी आपत्ति जताते हुए कहा कि पंजाबी केवल पंजाब तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और देश के कई अन्य हिस्सों में भी बोली और पढ़ाई जाती है। पंजाबी भाषा को बाहर करना न केवल संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल भाषाओं के सम्मान के खिलाफ है, बल्कि यह राष्ट्रीय एकता व भाषाई विविधता के मूल्यों के भी विपरीत है। पंजाबी भाषा का ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व जसविंदर खैहरा ने कहा कि पंजाबी भाषा का भारत की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहर में महत्वपूर्ण योगदान है। यह गुरु ग्रंथ साहिब की भाषा है, जो आध्यात्मिकता और शांति का संदेश देती है। इसके अलावा, पंजाबी भाषा को दुनिया भर में करोड़ों लोग बोलते और पढ़ते हैं, खासकर भारत, कनाडा, यूके, अमेरिका और आस्ट्रेलिया में। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में जब पंजाबी भाषा और संस्कृति को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ावा मिल रहा है, उइरए का यह निर्णय समाज के एक बड़े वर्ग की उपेक्षा करने जैसा है। जसविंदर खैहरा ने सीबीएसई द्वारा पंजाबी भाषा को शामिल न करने पर नाराजगी जताते हुए जसविंदर खैहरा ने कहा कि यदि इस फैसले पर तुरंत पुनर्विचार नहीं किया गया, तो वह इस मुद्दे को राष्ट्रीय स्तर पर उठाएंगे और इसके खिलाफ आंदोलन शुरू करेंगे। उन्होंने कहा कि पंजाबी भाषा को शिक्षा के अधिकार से वंचित करने की किसी भी कोशिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने शिक्षा मंत्रालय और सीबीएसई से तुरंत हस्तक्षेप कर इस भेदभावपूर्ण फैसले को वापस लेने और पंजाबी भाषा को पुन: पाठ्यक्रम में शामिल करने की मांग की। उन्होंने कहा कि अगर जल्द ही उचित कदम नहीं उठाए गए तो विरोध प्रदर्शन, कानूनी कार्रवाई और अन्य लोकतांत्रिक उपायों का सहारा लिया जाएगा।



## प्रजापिता ब्रह्माकुमारी द्वारा धूमधाम से मनाया गया महाशिवरात्रि पर्व

**हरियाणा वाटिका/प्रवीण वालिया**

**करनाल, 26 फरवरी।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी द्वारा महाशिवरात्रि पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया। सदर बाजार स्थित ब्रह्मकुमारी सदर बाजार जोन संचालिका राज योगिनी किरण दीदी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि करनाल के विधायक जगमोहन आनंद व अमित आहूजा उपस्थित रहे। जगमोहन आनंद ने परमात्मा शिव की महिमा का गुणगान करते हुए शिव शक्ति भगवान से आशीर्वाद की कामना की। राज योगिनी किरण दीदी ने मैं कहा कि अनुशासन में जीना ही अनुशासन जीवन जीने की प्रेरणा देते हैं और यही सच्ची शिवरात्रि मनाना है। ब्रह्मकुमारी सदर बाजार शहर सह संचालिका रंजन बहन ने वास्तविकता का परिचय देते हुए जुड़ने की प्रेरणा दी। ब्रह्माकुमारी विजय आर्य सुंदर गीतों की प्रस्तुति से और कुमारी सारिका ने सुंदर नृत्य प्रदर्शन कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस अवसर पर मीना अग्रवाल, हर्ष, सीमा, राजपाल, बबीता दीवान, श्रीपाल जिंदल, धर्मपाल सलूजा, सुभाष बंसल, अशोक मेहता, रामस्वरूप, अनिल, रामलाल वोहरा, कृष्णा आदि भी शामिल रहे।

## बजरंग सेना के राष्ट्रीय मंत्री बनाए गए साहिल गोयल

हरियाणा वाटिका/एकजोत

कुरुक्षेत्र, 26 फरवरी। भारतीय जनता पार्टी के युवा नेता साहिल गोयल को बजरंग सेना की तरफ से राष्ट्रीय मंत्री नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति बजरंग सेना के संस्थापक/ राष्ट्रीय प्रमुख अशोक शर्मा और राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र (भय्यू यादव) ने करते हुए आशा व्यक्त की है कि साहिल गोयल गौ रक्षा एवं सनातन संस्कृति की रक्षा करने के साथ साथ नशा मुक्त राष्ट्र के निर्माण में भी सहयोग करेंगे। अपनी नियुक्ति पर राष्ट्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए साहिल गोयल ने कहा कि बजरंग सेना का मुख्य उद्देश्य हिंदुओं के हितों की रक्षा करना और सनातन धर्म का प्रचार व प्रसार करना है। संगठन का प्रमुख उद्देश्य सेवा, शौर्य, सुरक्षा व संस्कार है। भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित करना और समाज में सेवाएं व सहायता प्रदान करना उनका प्रमुख ध्येय होगा। इतना ही नहीं, समाज के बिखरे हुए हिन्दुओं को एक करना भी उनकी प्राथमिकता में शामिल होगा। उन्होंने बताया कि बजरंग सेना की तरफ से हिंदुओं की रक्षा के लिए बड़े स्तर पर काम किया जा रहा है। बजरंग सेना ने सभी राज्यों में यूनिट बना ली हैं और सभी इकाइयों का गठन किया जा रहा है। साहिल गोयल ने कहा कि बजरंग सेना की तरफ से अपना हैड आफिस जयपुर में बनाया गया है। जल्द ही वे बजरंग सेना के संगठनात्मक ढांचे के गठन के लिए कई राज्यों का दौरा करेंगे। साहिल गोयल ने कहा कि वे भारतीय जनता पार्टी के वफादार सिपाही हैं और पार्टी के कामों के साथ-साथ वे बजरंग सेना में बतौर राष्ट्रीय मंत्री का भी काम देखेंगे।



## नगर निगम चुनाव में मतदाता बढ़-चढकर करें अपने मताधिकार का प्रयोग : जिला निर्वाचन अधिकारी

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**

**करनाल, 26 फरवरी।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त करनाल उत्तम सिंह ने मतदाताओं से आह्वान किया है कि वे नगर निगम चुनावों में आगामी 2 मार्च को बढ़-चढकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें। सभी मतदाता लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लें। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त उत्तम सिंह ने मतदाताओं के नाम जारी संदेश में कहा है कि मतदान न केवल हमारा अधिकार है, बल्कि यह हमारी जिम्मेदारी भी है, जो लोकतंत्र को सशक्त बनाता है। ज्यादा से ज्यादा मतदाताओं के मतदान में सक्रिय रूप से भागीदारी निभाने से लोकतंत्र मजबूत होगा। मतदान हमें अपने नेताओं को चुनने और अपने शहर के भविष्य को आकार देने का अधिकार देता है। इस अधिकार का सही तरीके से प्रयोग करने से हम चुनावों की सफलता में योगदान करते हैं और अपने शहर की प्रगति में भागीदार बनते हैं। सभी मतदाता अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए नगर निगम के चुनावों में बढ़-चढकर मतदान कर चुनाव को सफल बनाएं।

# अवैध खनन की मॉनिटरिंग के साथ वैध परमिट की हो रही है जांच: एसडीएम

### वैध परमिट और निर्धारित नियमों के तहत ही करें खनिज परिवहन, अन्यथा होगी सख्त कार्रवाई




**हरियाणा वाटिका/नीतीश जोगी**

**रादौर, 26 फरवरी।** उपायुक्त पार्थ गुप्ता के निदेर्शानुसार एसडीएम रादौर नरेन्द्र कुमार ने त्रिवेणी चौक और गुमथला नाको पर चेकिंग की। चेकिंग के दौरान खनन विभाग तथा पुलिस विभाग के अधिकारी साथ रहे। इस दौरान उन्होंने स्टाफ उपस्थिति रजिस्टर, वाहन रजिस्टर की जांच की व डीएल, आरसी, परमिट, ई-रवाना और ओवरलोड की जांच के लिए कई वाहनों का व्यक्तिगत रूप से निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि जिला में किसी भी रूप से अवैध खनन न हो और वैध परमिट के साथ निर्धारित नियमों की पालना करते हुए खनिज परिवहन चलें, इसके लिए खनन विभाग पूरी तरह से सजग एवं सतर्क है। एसडीएम रादौर नरेन्द्र कुमार ने बताया कि जिला में किसी भी क्षेत्र में अवैध खनन नहीं हो रहा है और वे स्वयं अपनी टीम के साथ वाहनों की जांच निरन्तर कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस दौरान कई मालवाहक वाहनों की जांच की गई और खनिज परिवहन से जुड़े दस्तावेजों की बारीकी से जांच-पड़ताल भी की गई। उन्होंने बताया कि सभी मालवाहक गाडियों की चेकिंग के साथ-साथ उसमें कितना सामान ले जाया जा रहा है और बिल भी जितना सामान गाड़ी में है, उसी के अनुसार बिल बने हैं या नहीं इस बारे जांच की गई। जांच के दौरान कोई भी गाड़ी बिना बिल के नहीं मिली। उन्होंने कहा कि यमुना में रेत और मिट्टी का अवैध खनन अगर कोई करता है तो उस पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा माइनिंग विभाग के पास अवैध रेत व मिट्टी खनन के संदर्भ में कोई शिकायत प्राप्त होती है तो विभाग की निरीक्षण टीम और राज्य एनफोर्समेंट ब्यूरो द्वारा संबंधित के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# समस्या: कालेज रोड़ पर सिवरेज ब्लॉक होने से गंदा व बदबुदार पानी सडक पर हुआ जमा

### सडक पर जमा सीवरेज का गंदा पानी गंभीर बीमारियों को न्योता दे रहा। स्थानीय लोगों मे नगर पालिका की कार्यप्रणाली को लेकर भारी रोष



**हरियाणा वाटिका/नीतीश जोगी**

**रादौर, 26 फरवरी।** शहर के कॉलेज रोड पर सीवरेज से गंदा व बदबूदार पानी सडक पर जमा होने से स्थानीय लोगों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों द्वारा समस्या के समाधान को लेकर बार बार गुहार लगाने पर भी समस्या का समाधान नहीं हो सका। जिस कारण स्थानीय लोगों में विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर भारी रोष है। जब स्थानीय लोगों ने नगरपालिका व जनस्वास्थ्य विभाग से समस्या के समाधान की गुहार लगाई, तो दोनो विभाग अपना अपना पल्ला झाड़ते नजर आए। गंदा पानी भराव के कारण स्कूल, कॉलेज जाने वाले बच्चे, स्थानीय दुकानदार व अन्य राहगीरों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। सडक पर जमा गंदा पानी गंभीर बीमारियों को न्योता दे रहा है। स्थानीय निवासी संदीप मित्तल, मूलाराम, सविता रानी, रमेशचंद आर्य, दिनेश आर्य, मनोज आर्य आदि ने बताया कि कॉलेज रोड शहर के सबसे व्यस्त चौराहों में से एक है। जिस पर हर दिन हजारों की संख्या में बड़े छोटे वाहन गुजरते है। कॉलेज रोड पर कॉलेज के पास स्थित सीवरेज ब्लॉक होने से नालियों का गंदा पानी सडक पर इकट्ठा हो रहा है। जिसकी कर्मचारियों ने कई बार निकासी भी करवाई। लेकिन सीवरेज के ब्लॉक होने के चलते पानी फिर से चौराहे पर पहुंच जाता है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि जल्द से जल्द समस्या का समाधान करवाया जाये। जिससे स्थानीय लोगों को राहत मिल सके।

> कल कर्मचारियों को भेजकर गंदे पानी की निकासी करवा दी जायेगी। ताकि आने-जाने में कोई परेशान न हो,इस सडक मार्ग के नविनीकरण का काय्र प्रगति पर है।
>
> **- गोविंद शर्मा,सफाई निरीक्षक**

> इस समस्या बारे जानकारी मिली थी,जल्द से जल्द सिवरेज मशीन मंगवाकर इस गंदे पानी की समस्या का समाधान करवा दिया जायेगा।
>
> **- पवन प्रजापत, जेई**

# ग्रामीणों की शिकायत का अधिकारी समय पर समस्याओं को शीघ्र हल करें : उपायुक्त

### जिला स्तरीय अधिकारी गांव हडौली में किया रात्रि ठहराव सुनी समस्याएं



**हरियाणा वाटिका/नीतीश जोगी**

**यमुनानगर, 26 फरवरी।** जिला उपायुक्त पार्थ गुप्ता व जिला पुलिस अधीक्षक राजीव देसवाल समेत अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों ने उपमंडल छछरौली के गांव हडौली के राजकीय प्राथमिक विद्यालय में रात्रि ठहराव कर लोंगो की समस्याएं सुनी और उनका निस्तारण कराया। कार्यक्रम में सरबजीत निवासी हडौली ने अपने घर के आगे से कुरड़ी उठवाने बारे शिकायत दी जिस पर उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने संबंधित अधिकारियों को कुरड़ी उठवाने के आदेश दिये। हडौली गाँव से ही सीमा रानी ने परिवार पहचान पत्र बनवाने, मीना व आत्मा राम ने बिजली बिल ठीक करवाने बारे, रामावतार ने आधार कार्ड व वोटर कार्ड बनवाने बारे,रायसिंह, रीना, संजीव,सतपाल, सुरेश, रशीदा, कमलेश आदि ने 100-100 वर्ग गज के प्लाट दिलवाने बारे, सचिन शर्मा ने आधार कार्ड बनवाने बारे, दादूपुर सैनी निवासी गुरमीत पाल ने गंदे पानी की निकासी करवाने बारे, राजेंद्र कुमार ने विदुर पेंशन लगवाने बारे, तिहानो गाँव के लोगों ने सोम नदी की पटरी को पक्की बनवाने बारे, गुरमीत आदि ने खानपुरा गाँव से तारुवाला तक गोहर व श्मशान घाट का रास्ता पक्का करवाने सहित लोगों ने अनेकों मांगे उपायुक्त पार्थ गुप्ता के समक्ष रखी। जिस पर उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने संबंधित अधिकारियों निर्देश दिये की लोगों की समस्याओं को शीघ्र हल करें। गांव हडौली के निवासियों रोशन असलम आदि ने जोहड़ के पानी की निकासी के बारे में शिकायत दी। उन्होंने बताया कि बरसात के दिनों में जोहड़ ओवर फ्लो हो जाता है जिससे मकानों में दरारे आ गई है। इस पर उपायुक्त महोदय ने संबंधित अधिकारियों को जोहड़ के पानी की निकासी के समाधान के निर्देश दिए। गांव के दो बच्चों रिदम और दिव्यांशु को उनके जन्मदिवस के अवसर पर उपायुक्त महोदय द्वारा उपहार भेंट किया गया। इस मौके पर सीटीएम पीयूष गुप्ता, डीआईपीआरओ डॉ. मनोज कुमार, उप पुलिस अधीक्षक राजेंद्र कुमार, उप मंडल अधिकारी छछरौली रोहित कुमार, तहसीलदार छछरौली सुदेश मेहरा, बीडीपीओ सचेत मित्तल मौजूद रहे।

# महाशिवरात्रि पर शिवालयों में गूंजे महादेव के जयकारे, भक्तों ने किया जलाभिषेक



**हरियाणा वाटिका/एकजोत**

**कुरुक्षेत्र, 26 फरवरी।** महाशिवरात्रि पर शिवमंदिरों में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के मंदिरों में श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया। श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर शिवलिंग पर जल और दूध चढ़ाकर अभिषेक किया। इस दौरान शिवमंदिरों में हर-हर महादेव के जयकारे गूंजते रहे। बुधवार को देवों के देव महादेव की आराधना का पर्व महाशिवरात्रि को पूरी श्रद्धा के साथ मनाया गया। दुखभंजन महादेव, स्थाण्वीश्वर महादेव, कालेश्वर महादेव मंदिर, हरिओम मंदिर शास्त्री नगर, जयराम विद्यापीठ स्थित श्रीरामेश्वर महादेव मंदिर, पिहोवा के अरुणाय स्थित महादेव मंदिर समेत सभी मंदिरों के द्वार सुबह चार बजे ही खोल दिए थे। इससे पहले ही श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया था। शिव भक्तों ने भोलेनाथ के दर्शन किए और शिवलिंग पर जल, दूध, दही, शहद, घी चढ़ाकर अभिषेक किया। शिवजी को प्रिय भांग, धतूरा, बेलपत्र, फूल चढ़ाए गए। धूपबत्ती और घी के दीपक जलाकर आरती उतारी गई। मंदिरों के बाहर लंबी-लंबी कतारें लग गईं। मंदिरों में विशेष रूप से रुद्राभिषेक भी किया गया। दुखभंजन महादेव मंदिर व स्थाण्वीश्वर महादेव मंदिर पर अलसुबह चार बजे से श्रद्धालुओं की कतार लग गई। ग्रामीण क्षेत्रों व आसपास के जनपदों से श्रद्धालु शिवलिंग का अभिषेक करने के लिए पहुंचे। महाशिवरात्रि पर मंदिरों में भीड़ उमड़ने को दृष्टिगत रखते हुए पुलिसकर्मी तैनात रहे। मंदिरों के बाहर बेलपत्र बेचने वालों की दुकानें लगी रहीं। शास्त्री नगर स्थित हरिओम मंदिर में शिवभक्तों ने जल, बेलपत्र, भांग, धतूरा, फल-फूल, मिष्ठान, चढ़ाकर बड़े मनोयोग से पूजा-अर्चना कर विश्व के कल्याण की प्रार्थना की। मंदिर के पुजारी अरूण मिश्र ने बताया कि श्रद्धालुओं ने सुबह गंगाजल, दूध, दही, घी, पंचामृत के साथ भगवान शिव का रूद्राभिषेक किया। साथ ही बेलपत्र और धतूरा भी भोले शंकर को अर्पित किया। कहा कि जो व्यक्ति सच्चे मन से भगवान शिव की आराधना करते हैं वे जीवन में सभी कष्टों और पाप से मुक्त हो जाते हैं। कहा कि शिव भगवान के वैसे तो अनेक नाम है जिनमें हमारे शास्त्रों में 108 नामों का उल्लेख मिलता है। शिवालयों में पूरे दिन भक्तों की भीड़ रही।

## सौंदर्यीकरण में जिला में अव्वल रहे स्कूल ने सहयोगियों व दानियो को किया सम्मानित



**हरियाणा वाटिका/एकजोत**

**कुरुक्षेत्र, 26 फरवरी।** मुख्यमंत्री स्कूल सौंदर्यीकरण प्रतियोगिता के अंतर्गत जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने की खुशी में गांव शरीफगढ़ के शहीद अंग्रेज सिंह राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शरीफगढ़ की प्रधानाचार्या तनुपम शर्मा और पूरे स्टाफ ने सहयोगी सज्जनों व दानियो को सम्मानित किया। कार्यक्रम में स्कूल सौंदर्यीकरण हेतू गांव के मुखिया सरपंच सुखविंदर सिंह शरीफगढ़, मछरौली सरपंच जोरावर सिंह, बकाना सरपंच काका, समाजसेवी डॉ गुरमीत सिंह, विक्रम टिवाना, प्रगट पाल सिंह, गुरमेल सिंह, पुष्पिंदर सिंह, गुरविंदर सिंह और अन्य गणमान्य व्यक्ति को सम्मानित किया। इन सभी ने तन मन धन से स्कूल कार्य में सहयोग व दान दिया। इसलिए समस्त स्कूल स्टाफ ने पुष्प माला पहना कर इन्हें सम्मानित किया। सभी के लिए जलपान की व्यवस्था भी की गई। स्कूल में जितने भी कार्य किए गए, उनसे जुड़ी सभी जानकारी सांझी की गई। गांव शरीफगढ़ के सरपंच सुखविंदर सिंह ने पूरी पंचायत के माध्यम से धन्यवाद किया तथा भविष्य में किसी भी प्रकार से स्कूल कार्य के लिए हमेशा सेवा में तत्पर रहने का वायदा किया। स्कूल स्टाफ की तरफ से सोमदत्त, नसीब, साहिब सिंह, प्रमोद रोहिल्ला, जितेन्द्र, संदीप व दलबीर मौजूद रहे।

## हवन करवाने का उदेश्य विद्यार्थियों को अपनी संस्कृति से अवगत करवाना : पवन पराशर




**हरियाणा वाटिका/एकजोत**

**कुरुक्षेत्र, 26 फरवरी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अधोया में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत हवन कर विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए मंगल कामना की गई। प्रधानाचार्य राजेश पराशर व एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ बलवंत सिंह की अध्यक्षता में शिविर लगाया गया। इस हवन में सभी विद्यार्थियों और अध्यापकों ने आहुति डाल कर आध्यात्मिकता की अनुभूति की। इस हवन की विशेषता यह भी रही कि इस हवन का सम्पूर्ण कार्य विद्यालय के संस्कृत के अध्यापक कप्तान सिंह ने किया। पवन पराशर ने बताया कि इस हवन का उदेश्य विद्यार्थियों को अपनी संस्कृति से अवगत करवाना और इससे जोड़ना है। हवन से न केवल आत्मिक शांति और आध्यात्मिकता का आभास होता है, बल्कि इसे वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी बहुत ही महत्त्वपूर्ण माना जाता है। ऐसा इसलिए क्योंकि शोधकताओं ने यह पाया है कि हवन में प्रयोग होने वाले घी या गुड़ के जलने से ऑक्सीजन का निर्माण होता है। वहीं, हवन का धुंआ वायुमंडल को शुद्ध बनाता है, जिससे करीब 94% हानिकारक जीवाणु नष्ट हो जाते हैं। फ्रांस के टेरे नामक वैज्ञानिक ने भी हवन पर शोध करते हुए यह बताया था कि आम की लकड़ी से फार्मिक एल्डिहाइड नामक गैस उत्पन्न होती है, जिससे खतरनाक जीवाणु वातावरण से नष्ट हो जाते हैं। डॉ बलवंत सिंह ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि छात्र देश का भविष्य हैं, इसलिए उन्हें स्वामी दयानन्द सरस्वती जी द्वारा बताए गये आर्य समाज के दस सिद्धांतो का अनुसरण करना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय की प्रवक्ता संजीव कुमार, सुरेन्द्र कुमार, अंजना गुप्ता, इंदु बाला, गीता छाबड़ा, नीलू छाबड़ा, ममता गुलाटी, मनजीत कौर, पूनम रानी, प्रणीत, बंटी कुमार व अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## प्रभातफेरी में भजन पर जम कर थिरके श्रद्धालु




**हरियाणा वाटिका/एकजोत**

**कुरुक्षेत्र, 26 फरवरी।** गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी की प्रेरणा से श्री कृष्ण कृपा जीओ गीता परिवार द्वारा सेक्टर 5 में मनोज अरोड़ा, रेणु अरोड़ा, राजीव अरोड़ा के निवास स्थान पर संकीर्तन प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। राधा और कृष्ण भाव के भजनों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। सुनील वत्स के नेतृत्व में भजन गायकों द्वारा वो तो छलिया माखन चोर मेरी साड़ी पर रंग गेर गयो......भजन पर श्रद्धालु जमकर नाचे और भजन का आनंद उठाया। श्रीकृष्ण कृपा गौशाला के प्रधान सुनील वत्स व चेयरमैन हंसराज सिंगला ने बताया कि होली के उपलक्ष्य में गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद की प्रेरणा से पूरे नगर में प्रभात फेरियां आयोजित की जा रही है। इन प्रभात फेरियों से आया हुआ दान श्री कृष्ण कृपा गौशाला में गाय सेवा के लिए प्रयोग किया जाता है। संकीर्तन में नगर परिषद की पूर्व अध्यक्षा उमा सुधा, अश्वनी अरोड़ा, माफी ढांडा, अशोक अरोड़ा, सुशील खुराना, मुनीश सिंधवानी सहित अनेक गणमान्य लोगों ने भाग लिया और संकीर्तन का आनंद उठाया। प्रभात फेरी के आयोजक अरोड़ा परिवार को श्री कृष्ण कृपा जीओ गीता परिवार की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

## सेवा ट्रस्ट यूके ने महाशिवरात्रि पर लगाया नारियल पानी का लंगर

**हरियाणा वाटिका/एकजोत**

**कुरुक्षेत्र, 26 फरवरी।** ब्रह्मसरोवर कुरुक्षेत्र पर सेवा ट्रस्ट यूके भारत द्वारा महाशिवरात्रि के अवसर पर सभी भक्तजनों एवं श्रद्धालुओं के लिए अपनी को-स्पॉन्सर डाबर इंडिया लिमिटेड के सहयोग से नारियल पानी का विशाल लंगर लगाया। आज के पावन पवित्र कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिक्षाविद जय कुमार रहे। उन्होंने सभी को महाशिवरात्रि पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आपके जीवन में देवो के देव भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद हमेशा बना रहे। भोलेनाथ आपको व आपके परिवार को सुख, समृद्धि, और सेहत प्रदान करें। उन्होंने इस नेक कार्य के लिए सेवा ट्रस्ट की टीम को बधाई दी। उन्होंने गांव साहा में बनने वाले सेवा धाम में भी हर प्रकार की सहायता देने की घोषणा की। सेवा ट्रस्ट यूके भारत के जिला कोआर्डिनेटर पवन मित्तल ने कहा कि यह विशेष दिन भगवान शिव की भक्ति, शक्ति और आध्यात्मिकता का प्रतीक है। भगवान शिव हमें धर्म, सत्य, सदाचार और आत्मचिंतन का मार्ग दिखाते हैं। सेवा ट्रस्ट के खंड कोआर्डिनेटर सुमन्त सैनी व रमेश गुप्ता ने कहा कि भगवान भोलेनाथ जी देवों के देव हैं। उन्होंने कर्म की श्रेष्ठता पर बल दिया और मनुष्य को सदैव अच्छे कर्म करने के लिए प्रेरित किया। जिला मीडिया प्रभारी विजय पंघाल व योगेश गर्ग ने कहा कि देवों के देव महादेव आप सभी की मनोकामनाएं पूर्ण करें हर संकट दूर करे। इस अवसर पर तेजस मित्तल सहित श्रद्धालु मौजूद रहे।



# श्री कृष्ण कृपा सेवा ट्रस्ट ढांड ने महाशिवरात्रि पर ढांड में निकाली शोभायात्रा

## भव्य शोभा यात्रा का श्रद्धालुओं ने गुलाल व पुष्पवर्षा से किया स्वागत । देवों के देव महादेव की महिमा अपरम्पार : पंडित कविराज शर्मा

**हरियाणा वाटिका/विकास कुमार**
**कैथल, 26 फरवरी।** श्री कृष्ण कृपा सेवा ट्रस्ट रजि. ढांड की ओर से महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में आज सुबह 11 बजे भव्य शोभा यात्रा निकाली गई, जो राधा कृष्ण मंदिर से पूरी नगर में परिक्रमा की। शोभा यात्रा में सुंदर व मनमोहक झांकियां होगी और देवों के देव महादेव की महिमा का गुणगान किया गया। कस्बे में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं द्वारा शोभा यात्रा का भव्य स्वागत करने के साथ रंगों व फूलों की वर्षा की गई। शोभा यात्रा से पहले ट्रस्ट पदाधिकारियों व सदस्यों ने मंदिर में विधिवत रूप से शिवलिंग पर जलाभिषेक कर देवों के देव महादेव की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया और समस्त मानवता के सुखमय जीवन की कामना की। ट्रस्ट के प्रधान विनोद गर्ग, पहल सिंह गोरसी, पंडित कविराज शर्मा, रमेश सैनी, सतनारायण वर्मा, प्रदीप जडौला, शमशेर मैहला, पवन गर्ग, अंकुर बंसल, बिट्टू बंसल, सुनील गर्ग आदि ने बताया कि महाशिवरात्रि पर्व के चलते अन्नत फार्म में शिव



विवाह का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़-चढकर भाग लिया और कलाकारों ने विवाह की मंगलगाथा का वर्णन किया। शिव विवाह में बाबा भोले नाथ की महिमा का गुणगान करते हुए पंडित कविराज शर्मा ने कहा कि देवों के देव बाबा भोले नाथ हमेशा अपने भक्तों की रक्षा करते है। महादेव के नाम का सिमरन करने से इंसान महादेव की कृपा का पात्र बनते है और समस्त दुखों से निजात मिलती है। देवों के देव महादेव की महिमा अपरम्पार है और बाबा भोले नाथ हमेशा अपने भक्तों के साथ होते है। उन्होंने कहा कि देवों के देव महादेव अपनी कृपा के माध्यम से धन, धान्य, यश, मान प्रतिष्ठा का आशीर्वाद भक्तों को देते हैं, ताकि उनके जीवन में समृद्धि और तरक्की के रास्ते खुलते नजर आए.इसके अलावा कस्बा सहित आसपास के गांवों में महाशिवरात्रि पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया। मंदिरों में श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर जल चढ़ाकर महादेव की महिमा का गुणगान किया और श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया गया। मंदिरों में सुबह से ही महादेव की महिमा के भजन गूंज रहे थे और श्रद्धालुगण लाइनों में लगकर शिवलिंग पर जल चढ़ाकर आशीर्वाद ले रहे थे।

# तांबा के तार चोरी मामले में दो आरोपी गिरफ्तार-9 किलो 300 ग्राम तार सहित वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद

**हरियाणा वाटिका/सुरेंद्र सोढी**
**हिसार, 26 फरवरी।** थाना सदर पुलिस ने धांसू गांव से तांबा तार चोरी के मामले में दो आरोपियों गांव मिजार्पुर निवासी विशाल और अंकित को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपियों से चोरीशुदा 9 किलोग्राम 300 ग्राम तांबा तार सहित वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की है।



मामले में जांच अधिकारी मुख्य सिपाही अजयदीप ने बताया कि थाना सदर हिसार में धांसू निवासी रमेश कुमार ने उसके सोलर सिस्टम से तांबा तार चोरी होने के बारे में शिकायत दी थी। जिस पर थाना सदर हिसार में 7 फरवरी 2025 को सुसंगत धाराओं में अभियोग अंकित कर कार्रवाई करते हुए उक्त दो आरोपियों विशाल और अंकित को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपियों से चोरीशुदा 9 किलोग्राम 300 ग्राम तांबा तार सहित वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की है। आरोपियों को पूछताछ उपरांत पेश अदालत कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# नगर निकाय चुनाव : सफाई व्यवस्था पर भी बनाएं हुए है नजर, नोटिस देने की तैयारी

**हरियाणा वाटिका/सुरेंद्र सोढी**
**हिसार, 26 फरवरी।** नगर निगम हिसार चुनाव के रिटर्निंग अधिकारी हरबीर सिंह ने कहा कि उम्मीदवार चुनाव प्रक्रिया के दौरान होने वाली गतिविधियों के लिए निर्धारित अधिकारियों से परमिशन जरूर लें।



उन्होंने कहा कि प्रचार की बात हो, रोड शो, पब्लिक मीटिंग, लाउड स्पीकर इस्तेमाल या फिर वाहन को प्रचार में शामिल करना इत्यादि इन सबके लिए तय नियमानुसार परमिशन लेना अनिवार्य हैं। इसके साथ ही जनसभा, झलसा या फिर सभा इत्यादि करने के दौरान कुछ जगहों पर कूड़ा इत्यादि फैलाने संबंधित सूचना आई हैं, ऐसे मामलों में अब नोटिस दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि नगर को साफ सुथरा रखना सभी का कर्तव्य हैं, ऐसे में कार्यक्रम के बाद इसे दुरूस्त रखना सुनिश्चित किया जाएं, ताकि आस पास के लोगों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो। नगर निगम हिसार चुनाव के रिटर्निंग अधिकारी हरबीर सिंह ने कहा कि नगर निगम की गठित टीमों की मदद लेते हुए ऐसे मामलों को चिन्हित किया जाएगा और नियमानुसार नोटिस दिए जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि चुनाव लड़ रहे प्रत्याशी तय नियमानुसार अपना खर्च ब्यौरा जमा करवाएं। रिटर्निंग अधिकारी हरबीर सिंह ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण, व्यवस्थित और निष्पक्ष तरीके से संचालित करने के लिए सभी अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश राज्य चुनाव आयोग की हिदायतों के अनुसार दिए गए है। इस संबंध में 25 फरवरी को सभी सेक्टर ऑफिसर्स और ड्यूटी मैजिस्ट्रेट की बैठक भी ली जा चुकी है।

# गुजवि के हिंदी विभाग के चार विद्यार्थियों ने यूजीसी नेट परीक्षा की उत्तीर्ण




**हरियाणा वाटिका/सुरेंद्र सोढी**
**हिसार, 26 फरवरी।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार के हिंदी विभाग के चार विद्यार्थियों ने हिंदी विषय में यूजीसी नेट 2024 की परीक्षा उत्तीर्ण कर विभाग का नाम रोशन किया है।

डॉ गीतू ने जानकारी देते हुए बताया कि यूजीसी की परीक्षा एक कठिन परीक्षा होती है। जो लेक्चररशिप और पीएचडी के लिए एक अनिवार्य परीक्षा मानी जाती है। उन्होंने बताया कि हिंदी विभाग की एमए हिंदी स्नातकोत्तर द्वितीय वर्ष की छात्रा उषा पुत्री श्री कृष्ण भादू ने दिसंबर 2024 की नेट परीक्षा के लिए कैटेगरी दो में परीक्षा उत्तीर्ण करते हुए नेट परीक्षा उत्तीर्ण करते हुए सहायक प्रोफेसर और पीएचडी के एडमिशन के लिए योग्यता पूरी की है। इसी के साथ ही स्नातकोत्तर द्वितीय वर्ष के छात्र नितिन पुत्र दलीप सिंह, वीरभान पुत्र राजवीर सिंह और हिम्मत्ता पुत्री श्री सतीश ने नेट में केटेगरी तीन में नेट की परीक्षा उत्तीर्ण करके पीएचडी में दाखिला लेने की योग्यता पूरी कर ली है। हिंदी विभाग में इन विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। नेट उत्तीर्ण हुए सभी छात्र-छात्राओं ने अपनी सफलता का श्रेय हिंदी विभाग के अध्यक्ष, सभी शिक्षकगण तथा माता-पिता को दिया है। इस अवसर पर हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो एनके बिश्नोई, विभाग की प्रभारी डॉ गीतू धवन, डॉ शमीर्ला व डॉ कल्पना ने विद्यार्थियों को बधाई दी।

# नगर निकाय चुनाव : खर्च ब्यौरा की हुई जांच, अब 28 को भी होगी जांच

## खर्च पर्यवेक्षक पुनीत शर्मा ने कहा अनुमति संबंधित दस्तावेज भी हो साथ

**हरियाणा वाटिका/सुरेंद्र सोढी**
**हिसार, 26 फरवरी।** नगर निकाय चुनाव को लेकर नियमानुसार हर पहलू पर पर्यवेक्षक भी नजर रखे हुए है। इसी कड़ी में एक बार फिर नगर निकाय चुनाव के खर्च ब्यौरा की जांच हेतू बैठक हुई है।




खर्च पर्यवेक्षक पुनीत शर्मा ने कहा कि निकाय चुनाव को लेकर उम्मीदवार खर्च संबंधित ब्योरा तय समय पर जमा करवाना सुनिश्चित करें। खर्च पर्यवेक्षक पुनीत शर्मा ने बताया कि निकाय चुनावों को निष्पक्ष एवं पारदर्शी बनाने के लिए चुनाव आयोग की तरफ से हर पहलू पर निगाह रखने के निर्देश जारी किए गए हैं। बैठक के दौरान खर्च संबंधित दस्तावेजों के रिकॉर्ड की चैकिंग की गई तथा कुछ उम्मीदवारों की तरफ से जो दस्तावेज दिखाएं गए उनमें खामियां भी मिली। इन खामियों में मुख्यतः परमिशन से संबंधित दस्तावेज एटैच ना होना तथा कुछ कार्य से संबंधित वाउचर एटैच नहीं थे। जिस पर अधिकारियों ने कहा कि इस प्रकार की खामीं नहीं होनी चाहिए। इसके साथ ही अगली बार बैठक में आने पर तमाम दस्तावेज पूरे लाने संबंधित निर्देश भी दिए है। अधिकारियों के अनुसार अगर कोई खर्च ब्यौरा की जांच नहीं करवाता हैं, तो राज्य चुनाव आयोग के नियमानुसार उन पर कार्रवाई होगी। इसी के तहत उम्मीदवारों के चुनावी खर्च पर भी विशेष निगरानी रखी जा रही है।समय-समय पर निगम मेयर व पार्षद पद के प्रत्याशियों के चुनाव खर्च का विस्तृत मिलान किया जा रहा है। इस संबंध में अब 28 फरवरी को भी बैठक होगी, जिसमें उम्मीदवार अपने रिकार्ड चैक करवाएं। उन्होंने कहा कि इलेक्शन में खर्च को लेकर चुनाव आयोग की हिदायतों के अनुसार लिमिट तय हैं, ऐसे में खर्च ब्यौरे का मिलान किया जाता है। बैठक के दौरान उपस्थित उम्मीदवारों अथवा उनके प्रतिनिधियों को हिदायत दी गई हैं कि करवाये गये कार्य अथवा खर्च के संबंध में नियमानुसार परमिशन भी साथ में अटैच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य चुनाव आयोग की हिदायतों की पालना सभी उम्मीदवारों के लिए अनिवार्य है। बैठक में खर्च पर्यवेक्षक पुनीत शर्मा के अलावा डीईटीसी तरुणा लाम्बा, लेखा अधिकारी जगबीर सिंह, अशोक कुमार नेहरा सहित संबंधित अधिकारी मौजूद थे। इस दौरान निकाय चुनाव के उम्मीदवारों की तरफ से चुनाव में खर्च संबंधित ब्यौरा खर्च पर्यवेक्षक पुनीत शर्मा तथा संबंधित अधिकारियों के समक्ष पेश किया गया।

# बंपर डिस्काउंट, लॉटरी या इनाम के झांसे में ना आएं : उपायुक्त

## -1930 हेल्प लाइन के प्रति किया उपायुक्त अनीश यादव ने जागरूक

**हरियाणा वाटिका/सुरेंद्र सोढी**
**हिसार, 26 फरवरी।** अगर आपके पास किसी का फोन आता हैं कि आपको बंपर डिस्काउंट दिया जा रहा हैं, या आपकी लॉटरी अथवा इनाम निकला हैं तो ऐसे झांसो में बिल्कुल ना आएं। साइबर ठगी करने वाले अक्सर इसी तरह का लालच का जाल बिछा फांसते हैं, ऐसे में इस प्रकार के भ्रामक विज्ञापनों अथवा फोन कॉल के झांसे में आने की बजाय सजगता बरतनी चाहिए। यह बात जिला उपायुक्त अनीश यादव ने कहीं।



उपायुक्त अनीश यादव ने जिले के निवासियों को आगाह करते हुए कहा कि साइबर वित्तीय धोखाधड़ी के मामलों में जागरूकता ही बचाव का सबसे आसान तरीका है। उन्होंने कहा कि साइबर वित्तीय धोखाधड़ी के मामलों में रोक जागरूकता से ही लगाई जा सकती है। अगर किसी के साथ इस प्रकार की धोखाधड़ी हुई हैं तो वो तुरंत केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा संचालित हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करें। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया के युग में, ऑनलाइन शॉपिंग का क्रेज बढ? से लोग अक्सर बंपर डिस्काउंट, लॉटरी या इनाम वाले विज्ञापनों के झांसे में आ जाते हैं। ऐसे में इससे बचना चाहिए। उपायुक्त ने कहा कि सबसे पहले यह सुनिश्चित करें कि इस्तेमाल की जा रही वेबसाइट सुरक्षित है। उन्होंने यह भी सलाह दी कि जहां संभव हो, कैश ऑन डिलीवरी का विकल्प चुनें, ताकि आपकी बैंक और कार्ड डिटेल साइबर अपराधियों के हाथ न लगें। अगर फिर भी किसी कारणवश साइबर धोखाधड़ी हो जाए, तो तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें और अपनी शिकायत साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर दर्ज करें। उपायुक्त अनीश यादव ने युवाओं से अपील की है कि वे साइबर अपराधों से सतर्क रहें और अपने परिवार के सदस्यों को भी जागरूक करें। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने 1930 हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। उन्होंने बताया कि साइबर धोखाधड़ी की रिपोर्टिंग के लिए पारंपरिक एफआईआर प्रक्रिया लंबी हो सकती है, इसलिए त्वरित कार्रवाई के लिए हेल्पलाइन सबसे अच्छा माध्यम है। जितनी जल्दी सूचना दी जाए, उतना ही बेहतर ताकि आगे की लेन-देन को रोका जा सके।

# साइबर पुलिस ने एनएसएस कैंप दौरान विद्यार्थियों को साइबर अपराध के बारे में किया जागरूक

## सोशल मीडिया पर संदिग्ध से ना करे दोस्ती

**हरियाणा वाटिका/विकास कुमार**
**कैथल, 26 फरवरी।** जिला पुलिस की साइबर टीम द्वारा पुलिस अधीक्षक राजेश कालिया के निदेर्शानुसार लगातार मुहिम के तहत स्कूल, कॉलेजों व अन्य सार्वजनिक स्थानो पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थियों सहित आमजन को जागरूक किया जा रहा है। अभियान के तहत थाना साइबर क्राइम प्रभारी पीएसआई शुभ्रांशु की टीम ने जाट कॉलेज कैथल में एनएसएस कैंप दौरान विद्यार्थियों के साथ-साथ टीचर व अन्य स्टाफ को भी साइबर अपराधों के बारे में जानकारियां दी। इस कार्यक्रम के दौरान पीएसआई शुभ्रांशु ने बताया कि आज के समय में साइबर अपराध काफी बढ़ गया है। किस किस प्रकार के साइबर



अपराध घटित हो रहे, के बारे जानकारी दी गई। इसके साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे घर लौट कर साइबर अपराधों के बारे में अपने अभिभावकों को भी अवश्य बताएं। ताकि आपके साथ -साथ आपके परिजन भी साइबर अपराधों के प्रति सचेत रहें। उन्होंने कहा कि साइबर अपराधी अलग अलग तरीके अपनाकर लोगों के साथ ठगी करते हैं।

साइबर अपराधी पहले तो जाल बिछाकर व्यक्ति को अपने शिकंजे में फंसाता है। फिर वह या तो ब्लेकमेल करके पैसो की ठगी करता है या फिर किसी प्रकार का लोभ लालच देकर धोखाधड़ी करता है। ऐसे में घबराने की जरुरत नही है तुरन्त साइबर हेल्पलाइन नम्बर 1930 पर कॉल करें या संबंधित थाना में जाकर साइबर हेल्पडेस्क की मदद ले। इसके अलावा साइबर थाना में आकर अपनी शिकायत दर्ज करवाएं। अपनी निजी जानकारी किसी अज्ञात व्यक्ति के साथ साझा ना करें और ना ही किसी प्रकार का कोई ओटीपी बताएं। इसके साथ अपनें सोशल मीडिया अकाउंट पर निगरानी रखें। साथ ही अपनी प्रोफाइल को सिक्योर रखें। इसके अलावा सोशल मीडिया पर अपने दोस्तों की डिटेल को भी चेक करें। अगर कोई व्यक्ति आपकी दोस्त की सूची में दिखता है तो तुरन्त अन्फ्रेंड करे दें।

# बफार्नी सेवा मंडल ने लगाया महाशिवरात्रि पर विशाल भंडारा

## महादेव को प्रसाद का भोग लगाकर किया भंडारे का शुभारंभ

**हरियाणा वाटिका/विकास कुमार**
**कैथल, 26 फरवरी।** बफार्नी सेवा मंडल रजि. कैथल द्वारा महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर मंडल के कार्यालय में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं में खीर व पकौड़े का प्रसाद वितरित किया गया।

भंडारे में विशेष रूप से मंडल के प्रधान सुरेंद्र गर्ग बिट्टू व सचिव सत्यनारायण गोयल ने सदस्यों के साथ देवों के देव महादेव की पूजा अर्चना कर प्रसाद का भोग लगाकर भंडारे का शुभारंभ किया। भंडारे में



मंडल के प्रधान सुरेंद्र गर्ग बिट्टू ने पदाधिकारियों व सदस्यों के साथ श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया और देवों के देव महादेव की महिमा का गुणगान किया। मंडल कार्यालय में सुबह से ही बाबा भोले नाथ के भजन गूंज रहे थे और मंडल सदस्य व श्रद्धालुगण महादेव की महिमा का गुणगान कर रहे थे। इस मौके पर भंडारे में सेवा करने वालों में उपप्रधान राजकुमार वर्मा, पवन सिंगला, कोषाध्यक्ष राजीव सिंगला, पूर्व प्रधान सुंदर लाल वर्मा, राज सैनी, रितेश शर्मा, महावीर शर्मा, विजय गुप्ता, रमेश मित्तल, प्रवीण गुप्ता, अनिल मित्तल सहित भारी संख्या में मंडल के पदाधिकारी व सदस्य मौजूद थे।

# महिलाओं को सेनेटरी पैड किए वितरित



**हरियाणा वाटिका/एकजोत**
**कुरुक्षेत्र, 26 फरवरी।** माया चैरिटेबल ट्रस्ट एवं सर्व समाज कल्याण सेवा समिति के सहयोग से बुधवार को गांधी नगर में सेनेटरी पैड वितरण का कार्य किया गया। यह कार्य प्रेम सिंह और उनकी पत्नी सुनीता के सहयोग से किया गया। इस मौके पर माया चैरिटेबल ट्रस्ट की अध्यक्षा सीमा सिंह, सर्व समाज कल्याण सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष रामेश्वर सैनी, उपाध्यक्ष कर्मवीर सैनी, प्रदेश प्रवक्ता तरुण कुमार वधवा, आशा वर्कर इंदु, शिमला, मनीषा, रिंपी, रेखा, पिंकी, पार्वती, ममता, ज्योति, आशा व सुनीता मौजूद रहे। इस मौके पर डॉ. सीमा सिंह ने महिलाओं को जागरुक करते बताया कि हमें सेनेटरी पैड का कैसे प्रयोग करना है और इसके प्रयोग से हम बीमारियों से बच सकते हैं। डॉ. सीमा सिंह ने महिलाओं व किशोरियों को मासिक धर्म के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कहा कि मासिक धर्म में स्वयं को स्वच्छ रखकर गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है। सभी महिलाओं का इसका प्रयोग करना चाहिए। गंदा पकड़ा आदि के प्रयोग से संक्रमण होने का डर बना रहता है।

# जिला स्तरीय यूथ रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर में गुरप्रीत ने आपदा प्रबंधन का दिया प्रशिक्षण




**हरियाणा वाटिका/एकजोत**
**कुरुक्षेत्र, 26 फरवरी।** भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी हरियाणा के महासचिव डॉ मुकेश अग्रवाल व उपायुक्त नेहा सिंह के दिशा निर्देशन में पांच दिवसीय जिला स्तरीय यूथ रेड क्रॉस प्रशिक्षण शिविर श्रीकृष्णा इंस्टीट्यूट आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी कुरुक्षेत्र में लगाया गया। कुमारी अंजू कश्यप कैंप निदेशिका ने बताया कि पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में जिले के विभिन्न 9 महाविद्यालयों के लगभग 100 छात्र-छात्राएं एवं काउंसलर ने भाग लिया। शिविर मे आपदा प्रबंधन के मास्टर ट्रेनर गुरप्रीत सिंह ने प्रतिभागियों को आग, बाढ़, भूकंप जैसी आपदा मे बचाव व राहत पहुंचाने का प्रशिक्षण दिया। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील करते हुए कहा कि किसी भी आपदा के समय अनुशासन व सोच-समझ कर राहत कार्य अपने टीम लीडर या आपदा प्रबंधक निदेशक के मार्गदर्शन मे करना चाहिए। किसी भी अफवाह पर ध्यान नहीं देना चाहिए। किसी सूचना की सत्यता को प्रमाणित करने के लिए जिला मुख्यालय से समय पर सम्पर्क कर लेना चाहिए। टीवी या रेडियो पर आपदा प्रबंधन हेतू सरकार और राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा जारी निर्देशों पर ध्यान देना चाहिए। सभ्य नागरिक बन कर देश निर्माण में सहयोग करना चाहिए। शिविर निदेशक डीटीओ अंजू कश्यप ने कहा कि इस शिविर का उद्देश्य रेड क्रॉस समिति द्वारा जन सेवा चलाई जा रही कल्याण कारी गतिविधियों को समाज में आमजन तक पहुंचाना और समाज में लोगों को जागरूक करना है। अंजू कश्यप कैंप निदेशिका सहित डॉ निरुपमा भट्टी कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र व डॉ सीमा पांडे गवर्नमेंट गर्ल कॉलेज पलवल कुरुक्षेत्र ने मास्टर ट्रेनर गुरप्रीत सिंह को एक स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर डॉ सुरेंद्र कुमार, डॉ सीमा पांडे, डॉ ज्योति, ओम प्रकाश लिपिक, किरण कश्यप मौजूद रहे।

# शिवरात्रि के अवसर पर निकाली शोभायात्रा, सैंकड़ों महिला श्रद्धालुओं ने लिया भाग

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**



**महम, 26 फरवरी।** स्थानीय प्रजापिता ब्रह्माकुमारी विश्वविद्यालय से शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें शहर के गणमान्य लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम में दिनेश गुप्ता,सुशील गुप्ता,नपा के पूर्व प्रधान फतेह सिंह पवार, एसडीओ राजेश गौतम व वेदप्रकाश धवन ने हरी झंडी दिखाकर शोभा यात्रा का शुभारंभ किया। यात्रा में शहर व आसपास के क्षेत्र की सैकड़ों महिलाओं ने कलश के साथ भाग लिया। कार्यक्रम में शिव शंकर के अंतर को दशार्ती झांकी,लक्ष्मी नारायण की झांकी निकाली गई। झांकी ने सेवा केंद्र से प्रारंभ होकर आजाद चौक, राजीव चौक , क्रांति चौक, नया बस स्टैंड चौक होकर शहर में प्रवेश किया। केंद्र की निदेशक बीके चेतना ने बताया कि शिव परमात्मा रचयिता और शंकर रचना है। परमात्मा शिव ज्योति स्वरूप है और शंकर आकृति देवता है। लक्ष्मी नारायण की झांकी आने वाली सतयुग दुनिया की झलक दशार्ती है। परमात्मा इस भारत भूमि को सतयुगी सतो प्रधान स्वर्ग बनाकर हर मनुष्य को नर से नारायण और नारी से लक्ष्मी बनाते हैं। कलयुग के अंत में परमात्मा धरती पर स्वयं आते हैं और सतयुग सृष्टि की सहज ज्ञान और सहज राजयोग की शिक्षा द्वारा स्थापित करते हैं।इस अवसर पर राजेश धवन,विक्की धवन, होशियार सैनी, देवराज भल्ला, जगदीश सचदेवा, सुरेंद्र ग्रोवर, सेवा केंद्र से सुमन व अन्य मौजूद रहे।

# डिवाइडर पर होर्डिंग लगाने पर पांच दुकानदारों के काटे चालान

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**
**नारनौल, 26 फरवरी।** जिला नगर आयुक्त एवं अतिरिक्त उपायुक्त डॉ आनंद कुमार शर्मा ने आज नारनौल शहर का दौरा कर विभिन्न विकास कार्यों का जायजा लिया। इसके अलावा साफ सफाई व अवैध होर्डिंग के संबंध में नियम तोड़ने वालों के खिलाफ तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए। सड़क के डिवाइडर पर अवैध होर्डिंग लगाने पर आज पांच दुकानदारों के चालान भी काटे गए। डीएमसी ने किला रोड से लेकर आजाद चौक व महावीर चौक तक अधिकारियों को साथ लेकर पैदल मार्च किया तथा निमार्णाधीन सड़क का निरीक्षण किया। इसके अलावा रघुनाथपुर कूड़ा डंपिंग पॉइंट पर पहुंचकर कूड़ा निस्तारण का जायजा लिया। यहां पर निर्धारित पैमाने के अनुसार कार्य न होने पर एजेंसी को कारण बताओ नोटिस जारी किया।

जिला नगर आयुक्त ने सबसे पहले सेक्टर एक में निमार्णाधीन सड़कों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण एजेंसी के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए की सड़क का निर्माण नियमों के अनुसार किया जाए। अगर कहीं भी गुणवत्ता में कोई कमी पाई जाती है तो नियम अनुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने नगर परिषद के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सड़क निर्माण का लगातार निरीक्षण किया जाए।



# खूबसूरत और महकती त्वचा

खुशबू का इतिहास कितना पुराना है ये तो नहीं कहा जा सकता लेकिन फूलों का वर्णन तो धार्मिक ग्रंथों में भी है। माँ लक्ष्मी कमल पर विराजती है तो भगवान ब्रम्हा का प्रिय पुष्प ब्रम्ह कमल को माना जाता है। ये अनुमान लगाया जा सकता है कि जितना पुराना इतिहास फूलों का है उतना ही पुराना इतिहास सुगंध का भी है। राजा-महाराजाओं के काल से विभिन्न प्रकार के इत्र-सुगंधादि के उपयोग किए जाने के प्रमाण हैं। मुगल शासन में तो रानियां अपने स्नान के पानी में भी इतर या इसी तरह के सुगंधित चीजों का उपयोग करती थी। केसर, गुलाब, केवड़ा, मोगरा, चमेली, चंदन तथा लोभान आदि सुगंध न सिर्फ तरोताजगी से भर देते हैं बल्कि इनके द्वारा रोगों का उपचार भी किया जाता था । इन्हीं प्राचीन उपचार पद्धितयों को आजकल फिर से अपनाया जा रहा है।

**सूखी त्वचा-** बेंजोनिन, पामारोज, पेचौली, गाजर, जिरेनियम, पेट्टी ग्रैन, लेवेण्डर, कुसुम, गुलाब, चंदन।

**ऑइली स्कीन** - लेवेण्डर, ऑरेंज, लेमन, कपूर, नेरोली, यांग-यांग, बर्गामोट।

**सामान्य त्वचा-** पामारोज, गाजर, जिरेनियम, लेवेण्डर, कुसुम, चमेली, नेरोली, यांग-यांग, लोबान, चंदन, पेचौली।

**असामान्य त्वचा-** जिरेनियम, लेवेण्डर, कुसुम, कपूर, यूकेलिप्टस थाइम गंधरस।

संवेदी त्वचा- जिरेनियम, लेवेण्डर, कुसुम।

**स्कीन के लिए खूशबू फेशियल आइल्स**

**सामान्य त्वचा-** बेंजोनिन, गाजर, कुसुम, लोबान, सीप्रेस, जिरेनियम, चमेली, जूनिपर, लेवेण्डर, लेमन, मार्जोटम, ऑरेंज, पामारोज, पेचौली, पिपरमिंट, पेट्टी ग्रैन, रोजमैरी, यांग-यांग।

**सूखी त्वचा-** बेंजोनिन, गाजर, कुसुम, जिरेनियम, हीसोप, लेमन, नेरोली, पामारोज, पेचौली, गुलाब, रोजमेरी, चंदन।

**शुष्क त्वचा-** गाजर, जिरेनियम, लेवेण्डर।

**नम त्वचा-** गाजर, सीप्रैस, जिरेनियम, हीसोप, लेवेण्डर, लेमन, पामारोज, पेचौली, गुलाब, चंदन।

संवेदी त्वचा- गाजर, कुसुम, जिरेनियम, लेवेण्डर।

**असामान्य त्वचा-** गाजर, कुसुम, लोबान, जिरेनियम, हीसोप, जूनिपर, लेवेण्डर, लेमन, पेचौली, पामारोज, चंदन।

## गर्मियों में त्वचा को दें राहत

गर्मियों के दौरान सफेद चंदन या चंदन चूर्ण को पानी में मिलाकर इस्तेमाल किया जा सकता है। यह एंटी बैक्टीरियल होता है जिससे त्वचा साफ-स्वच्छ और शीतल बनती है।इसी तरह नीम, तुलसी, गुलाब की पंखुड़ियों और चंदन (बराबर मात्रा में) में कच्चा दूध मिलाकर तैयार लेप का प्रयोग करने से त्वचा में उजलापन आता है और मुँहासों से भी राहत मिलती है। इस लेप को कम से कम एक घंटे तक लगाए रखें और फिर पानी से धो दें। इस उपचार से आपकी त्वचा मुलायम और नरम बनेगी। 10 ग्राम सूखे नीम के पत्तों और सात काली मिर्च का चूर्ण बनाकर मिलाएँ और इसमें पानी मिलाकर इसे छान लें। घर में तैयार इस टॉनिक के सेवन से त्वचा संबंधी कई विकारों से राहत मिलती है। एक सप्ताह तक इस नुस्खे को आजमाएँ और खुद ही फर्क देख लें।

# प्रेग्नेंसी में रखें खान पान का ध्यान



प्रेग्नेंसी में क्या खाएं, क्या ना खाएंखान-पान पर दें विशेष ध्यान प्रेग्नेंसी के दौरान महिलाओं को विटामिन, प्रोटीन, आयरन रिच भोजन लेना चाहिए। हरी पत्तोदार सब्जियां, दूध, फल, जूस का सेवन नियमित रूप से करना चाहिए। ऐसे समय में फास्ट फूड, आइली, स्पाइसी फूड अवाइड करना चाहिए। इस दौरान फोलिक एसिड, डीएचए टेबलेट भी अनिवार्य रूप से लेना चाहिए।

**सावधानी जरूरी :** अधिक उम्र में प्रेग्नेंसी में महिलाओं को विशेष सावधानी रखनी चाहिए। ऐसे समय में थाइराइड, ब्लडप्रेशर, शुगर का रेग्युलर चेकअप कराते रहें। बच्चे के डेवलपमेंट की जानकारी के लिए समय-समय पर सोनोग्राफी अवश्य कराएं। कोई भी समस्या आने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। इस दौरान जितना हो सके ज्यादा दूरी के सफर से बचना चाहिए।

**बेजीटेवल :** आठ से नौ सप्ताह में शिशु की आंख का विकास होता है, इसलिए इन्हें भोजन में प्राथमिकता दें। इसमें पाए जाने वाले विटामिन ए और सी के साथ अन्य विटामिन्स, मिनरल्स और फाइबर कांस्टिपेशन को दूर करने में मददगार होते हैं। विटामिन सी युक्त जैसे गोभी, ग्रीन बीन्स और टमाटर बॉडी को कैल्शियम एब्जॉर्ब करने में हेल्प करते हैं।

# पीरियड्स के दौरान कौन सी एक्सरसाइज करें

अक्सर स्त्रियों को इस बात का भ्रम होता है कि पीरियड्स के दौरान होने वाली समस्याओं से बचने के लिए ज्यादा काम या एक्सरसाइज नहीं करनी चाहिए। सिर्फ बेड रेस्ट करना चाहिए। ऐसा आपने अकसर बड़ी उम्र की स्त्रियों से सुना होगा कि उन दिनों में एक्सरसाइजज करना नुकसानदेह होता है। जबकि ऐसा सोचना गलत है, पीरियड्स के दौरान एक्सरसाइज करने से न सिर्फ आपकी बॉडी शेप में रहती है बल्कि उस दौरान होने वाले दर्द (बैक पेन और एब्डॉमिनल क्रैम्प्स) से भी छुटकारा मिलता है।

एक्सरसाइज मेटाबॉलिज्म को मजबूत करती है और आपको एनर्जी प्रदान करती है। यह आपके उन दिनों के लिए बहुत ही जरूरी है, क्योंकि तब आपको अतिरिक्त शक्ति और ऊर्जा की जरूरत होती है। एक्सरसाइजज करने से एंड्रोटॉक्सिंग बाहर निकालती है।



एक्सरसाइजज से हमारे शरीर में एक प्रकार का नैचुरल पेनकिलर विकसित होता है जो पीरियड्स के दौरान होने वाले दर्द और मूड के बदलाव को ठीक करने में मदद करता है। यहां तक कि वर्कआउट से पेट की सूजन भी कम होती है। यहां हम आपको कुछ ऐसी एक्सरसाइज के बारे में बता रहे हैं जिन्हें आप पीरियड्स के दिनों में आसानी से कर सकती हैं। हालांकि जो युवतियां शुरूसे लगातार एरोबिक्स करती रही हैं उन्हें उन दिनों में किसी प्रकार की मनाही नहीं होती। बस एक बात का ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि लोवर बॉडी पार्ट की एक्सरसाइज न की जाए।

1.अगर आप कार्डियोवैसकुलर एक्टीविटी करना चाहती हैं तो बेहतर होगा कि आप जरूरत से ज्यादा मूवमेंट जैसे जम्पिंग, रनिंग या किकिंग हाई न करें। दरअसल, उन दिनों सहनशक्ति का स्तर कम हो जाता है, ऐसे में हलकी-फुलकी एरोबिक्स करने से मूड भी अच्छा होगा और आपको एनर्जी भी मिलेगी। लेकिन बहुत ही नियंत्रित और संतुलित मूवमेंट अपनाएं जिसमें आपके आर्म्स और अपर बॉडी की एक्सरसाइज हो।

2. कार्डियोवैस्कुलर की सबसे अच्छी एक्सरसाइज है 30-40 मिनट टहलना। ब्रिस्क तथा वॉक ज्यादा तेज करते हैं तो यूट्रस की बाहर की लाइनिंग जो पीरियड्स के दौरान बहुत संवेदनशील हो जाती है, उस पर बहुत दबाव पड़ सकता है। इस कारण पीरियड्स का फ्लो ज्यादा हो सकता है या फिर बिलकुल ही बंद हो सकता है इसलिए ब्रिस्क वॉक की जगह हमें नॉर्मल वॉक करना चाहिए।

3. कोशिश करें कि सीधे जमीन पर न बैठकर वज्रासन लगाकर बैठें ताकि आपके यूट्रस और ओवरी को कोई हानि न पहुंचे और साथ-साथ उनकी टोनिंग भी हो पाए।

4. इस दौरान ठंडी चीजें जैसे कोल्ड ड्रिंक्स वगैरह कम से कम लें। ठंडी चीजें खाने से ओवरी पर सूजन आने की संभावना रहती है।

5. योग में नौकासन, हलासन बिलकुल न करें। गोमुख आसन या फिर धनुरासन कर सकती हैं। इस दौरान प्राणायाम बहुत उपयोगी रहेंगे। प्राणायाम में अनुलोम-विलोम, शीताली, शितकारी, भ्रामरी करने से उस दौरान चिड़चिड़ापन और मूड खराब होने जैसी समस्याओं से निजात मिलेगा।

6. इस बात का ध्यान रखें कि वर्कआउट्स करने के बाद अच्छी तरह स्ट्रेच करें।

7. पीरियड्स के दौरान जिम में लोवर एब्डॉमन की एक्सरसाइज बिलकुल न करें। अपर बॉडी एक्सरसाइज कर सकती हैं।

8. जो भी एक्सरसाइज करें उसमें कंधों का प्रयोग हो। लाइट वेट्स का इस्तेमाल करें। वह भी सिर्फ अपर बॉडी के लिए।

9. जिम जाकर मशीन का प्रयोग बिल्कुल न करें।

अपने शरीर की सुनें

अगर आपको पीरियड्स के दौरान बहुत ज्यादा पीठ का दर्द या क्रैम्प्स नहीं पड़ते तो एक्सरसाइज करने से हिचकिचाएं नहीं। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि आप अगर उन दिनों काम करना चाहती हैं, तो आराम से कर सकती हैं। लेकिन इस बात का ध्यान रखें कि बहुत ज्यादा दबाव आपके शरीर के निचले हिस्से या पेल्विक पर न पड़े। अपने शरीर की सुनें जितना काम हो सकता है करें, जब तक कि आपको किसी प्रकार की दिक्कत न हो। यह बात अपने जेहन में डाल लें कि पीरियड्स के दौरान अस्सी प्रतिशत स्त्रियों को हलका-फुलका पेट दर्द और कमर दर्द होना एक आम समस्या है। इसका यह मतलब कतई नहीं है कि आप घर पर बैठकर आराम करें। खुद तय करें कि आप कुछ कर सकती हैं।

सम्पादक, स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक नेहा वालिया द्वारा साईं प्रिंटिंग प्रैस, बी-868, न्यू अशोक नगर, दिल्ली-110096 से मुद्रित एवं वालिया सदन वार्ड संख्या 10, लोहारू, भिवानी (हरियाणा) 127201 से प्रकाशित। समाचार पत्र में प्रकाशित सभी समाचारों के लिए पीआरबी एट के तहत उत्तरदायी। फोन:01252-259260, 9255149495, ईमेलः haryanavatika@gmail.com हरियाणा वाटिकाः- प्रेणास्त्रोत- स्व. डॉ. एल सी वालिया, समूह संपादक एवं संरक्षक- श्रीमति सरला